






# जन एक्सप्रेस

देहरादून
वर्षः 10 | अंकः 297
मूल्यः ₹2.00/-
पेज : 08

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

मंगलवार | 01 अक्टूबर, 2024


सोमवार को भी हरियाणा के चुनावी दौरे पर रहे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# रोम की संस्कृति मानने वाले राम की संस्कृति का कर रहे अपमानः योगी

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनसभा कर बवानी खेड़ा से कपूर वाल्मीकि, हांसी से विनोद भयाना, नारनौंद से कैप्टन अभिमन्यु, सफीदों से रामकुमार गौतम व पंचकूला से ज्ञानचंद गुप्ता को जिताने की अपील की*

*यूपी सीएम योगी ने बिना नाम लिए राहुल पर साधा निशाना, जो कहते हैं कि अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन पर नाच गाना चल रहा था, दरअसल उनका खानदान ही जिंदगी भर नाच गाना करता रहा*

- बोले-रोम व इटली की चर्चा करने वाले कांग्रेसी वहीं जाएं, वे हरियाणा, हांसी व हिसार से वोट क्यों मांगते हैं
- कांग्रेस ने देश को लूटकर पैसे को कभी स्विस बैंक तो कभी कहीं और पहुंचा दियाः सीएम
- कांग्रेस कहती है कि राम-कृष्ण के लिए भूमि नहीं होनी चाहिए, भूमि केवल वक्फ बोर्ड के लिए होनी चाहिएः सीएम

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भिवानी/हिसार/नारनौंद/पंचकूला**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भी कांग्रेस को खूब लताड़ा। बोले कि 500 वर्ष का इंतजार समाप्त हुआ और 22 जनवरी 2024 को पीएम मोदी के करकमलों से भगवान श्रीरामलला अयोध्या धाम में विराजमान हो गए। देश व दुनिया आनंदित है, लेकिन घड़ियालू आंसू बहा रही बदनसीब कांग्रेस को इससे भी नफरत है। यही अंतर राम की संस्कृति व रोम की संस्कृति में है। राम की संस्कृति में पला-बढ़ा व्यक्ति प्रभु श्रीराम की मर्यादा का पालन करते हुए 500 वर्ष तक निरंतर लड़ता रहा। प्रभु राम अयोध्या धाम में विराजमान हो गए, लेकिन रोम की संस्कृति में पले-बढ़े बदनसीब एक्सीडेंटल हिंदु इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। एक्सीडेंटल हिंदु देश और जनता के प्रति कभी ईमानदार नहीं हो सकते। राम भारत के प्रतीक हैं। जो राम का नहीं, वो हमारे किसी काम का नहीं।



### कांग्रेस कहती है कि राम-कृष्ण के लिए नहीं, वक्फ बोर्ड के लिए भूमि होनी चाहिए

सीएम योगी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस को राम-कृष्ण पर विश्वास नहीं है। वह कहती है कि राम-कृष्ण के लिए भूमि नहीं होनी चाहिए, भूमि केवल वक्फ बोर्ड के लिए होनी चाहिए। इसलिए चांद मोहम्मद को टिकट देकर पंचकूला को लूटने भेज दिया है। भगवान राम और कृष्ण ने भी बदनसीब कांग्रेस की तरफ से मुख फेर लिया है। सीएम योगी ने कहा कि काम करने के लिए दम और दमदार सरकार चाहिए। सरकार होगी दमदार तो काम होगा ईमानदार। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव समीप आ रहा है, कांग्रेस के हौसले पस्त होते जा रहे हैं। उन्हें अहसास हो गया है कि हरियाणा में उनकी दाल नहीं गलने वाली है। भरोसा दिल से, भाजपा फिर से। सीएम योगी ने कहा कि 5 अक्टूबर को हरियाणा में चुनाव व 8 अक्टूबर को मतगणना है। तीन अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि प्रारंभ होगी, 12 अक्टूबर को विजयादशमी है। विकास की लक्ष्मी के लिए इससे पहले यहां कमल का फूल खिलना चाहिए।

### ... जब जनभावनाओं को योगी को खुद कराया शांत

हांसी (हिसार) में जनसभा के दौरान एक वक्ता अपनी बात रख रहे थे। इस दौरान खचाखच भरे पंडाल के बीच से एक स्वर में योगी-योगी की गूंज आने लगी। राम-सीता, लक्ष्मण, हनुमान समेत अनेक पात्र में सजे बच्चे भी निरंतर योगी-योगी करने लगे। दूसरी बार जब मंच संचालक अपनी बात रख रहे थे तो फिर योगी-योगी की गूंज से गुंजायमान होने लगी। इस पर सीएम योगी ने हाथों से खुद इशारा करके आमजन को शांत कराया, फिर अपने भाषण में इस उत्साह के लिए आभार भी जताया।

### आतंकवाद, उग्रवाद व भ्रष्टाचार की जननी है कांग्रेस

सीएम योगी ने कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था कि भारत में सुशासन की व्यवस्था का आधार रामराज्य ही हो सकता है। देश लगातार गलती पर गलती करता गया तो इन लोगों ने सुरक्षा से खिलवाड़ किया। कांग्रेस समस्या व भाजपा समाधान है। कांग्रेस देश में आतंकवाद, उग्रवाद, भ्रष्टाचार की जननी है। रोम-इटली की चर्चा करने वाले कांग्रेस के लोग वहीं जाएं, वे हरियाणा, हांसी व हिसार से वोट क्यों मांगते हैं। सीएम योगी ने कहा कि हरियाणा वीरभूमि है। देश के पेट को भरने के लिए यहां के अन्नदाता किसान का परिश्रम अभिनंदनीय है। सीमा की रक्षा करने वाला हरियाणा का जवान पाकिस्तान के छक्के छुड़ाने का कार्य करता है। हांसी में बच्चों को राम, सीता, हनुमान, लक्ष्मण, गुरु वशिष्ठ की भूमिका में देख सीएम योगी गदगद हुए तो कांग्रेस पर भी वार करते हुए कहा कि आपने तय कर लिया है कि रावण, मेघनाद, कुंभकर्ण की वेशभूषा में केवल कांग्रेस को रहना चाहिए।

### कांग्रेस ने स्विस बैंक में पहुंचा दिया पैसा

सीएम योगी ने कहा कि मोदी जी देश को बना रहे हैं तो दूसरी तरफ 60-65 वर्ष तक शासन करने वाली कांग्रेस को जब भी अवसर मिला तो उन्होंने देश को लूटकर पैसे को कभी स्विस बैंक पहुंचा दिया तो कभी दुनिया में कहीं और पहुंचा दिया। कोरोना में भाजपा का कार्यकर्ता पीएम मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आह्वान पर %सेवा ही संगठन% मंत्र के साथ कार्य कर रहा था, लेकिन उस वक्त राहुल गांधी कहां थे। संकट के समय उन्हें भारत नहीं, इटली में नानी याद आती हैं।

### रिश्तेदारी निभाने के लिए लगाई धारा-370

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में मंदिर का निर्माण कराया तो धारा-370 को दफन भी कर दिया। बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर के विरोध के बावजूद कांग्रेस ने रिश्तेदारी निभाने के लिए धारा-370 संविधान में जोड़कर कश्मीर को अलग स्टेटस दिया, जिससे देश आतंकवाद की चपेट में आ गया। कांग्रेस ने हिंदुओं के सामने ऐसी स्थिति कर दी कि वे आपस में ही लड़ें।

### दुर्दांत माफिया के साथ थी कांग्रेस की व्यावसायिक पार्टनरशिप

सीएम योगी ने कहा कि बदनसीबों के कारण यूपी में हर तीसरे दिन दंगा होता था, लेकिन साढ़े सात साल से दंगाई जेल में हैं या जहन्नुम चले गए। यूपी में अब नो कर्फ्यू, नो दंगा है, क्योंकि वहां सब चंगा है। कांग्रेस ने यूपी के दुर्दांत माफिया को शरण दिया था। उसके साथ उनकी व्यावसायिक पार्टनरशिप थी। खनन, पशु, वन, भूमाफिया कांग्रेस के शागिर्द थे, इसलिए कांग्रेस को सत्ता से दूर रखना चाहिए।

### धारा-370 हटने का प्रभाव है कि भारत को कोसने वालों के मुख से निकल रहा राम-राम

सीएम ने जम्मू एयरपोर्ट हुए संस्मरण की चर्चा करते हुए बताया कि एक मौलाना ने मुझे राम-राम किया, मैंने भी राम-राम किया। भौचक होकर मैंने एक अधिकारी से पूछा कि क्या यहां सभी मौलवी राम-राम करते हैं तो उसने कहा नहीं, यह धारा-370 हटने का प्रभाव है। सीएम ने कहा कि जो राम, कृष्ण व भारत को कोसते थे, उनके मुख से आज राम-राम निकल रहा है। भाजपा जितनी मजबूत होगी, भारत उतना मजबूत होगा और भारत जितना मजबूत होगा, सड़कों पर हरे रामा-हरे कृष्णा का भजन उतना ही देखने को मिलेगा। जनसभाओं में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, भजन गायक कन्हैया मित्तल, यूपी के मंत्री ब्रजेश सिंह समेत अनेक जनप्रतिनिधि व साधु-संत मौजूद रहे।

# देश का पहला दिव्यांगजन मुक्त राज्य बनेगा उत्तराखंडः डॉ. धन सिंह

- उत्तरकाशी के शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए 110 करोड़ होंगे खर्च

**जन एक्सप्रेस । उत्तरकाशी**



सूबे के शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि उत्तरकाशी जिले के शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए शासन ने 110 करोड़ रुपये अवमुक्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि पांच अक्टूबर तक शिक्षकों की कमी से जूझ रहे स्कूलों में शिक्षक मिल जाएंगे। श्रीमती मंजरा देवी विश्वविद्यालय हिटाणू धनारी में सोमवार को दिव्यांग मुक्त भारत निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को टीबी मुक्त किए जाने को लेकर वर्ष 2025 तक का लक्ष्य रखा है। इसके तहत उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयास कर रहा है कि उत्तराखंड राज्य 2025 तक टीबी मुक्त के अलावा ड्रग्स फ्री और शत-प्रतिशत साक्षरता वाला अग्रणी राज्य हो। डॉ. रावत ने कहा कि उत्तरकाशी के छात्रों को अब उच्च शिक्षा के लिए बहार नहीं जाना पड़ेगा। हर पाठ्यक्रम उन्हें मंजरा देवी विश्वविद्यालय में मिलेगा। उन्होंने विश्वविद्यालय में जल्द एमबीबीएस शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने विभागीय उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि धामी सरकार हर जिले में एक संस्कृत गांव बनाने जा रही है। वहीं हर जिले में डायलिसिस फ्री वार्ड बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार कक्षा छह से पीएचडी तक 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वालों को छात्रवृत्ति दे रही है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में 20 वर्षों से एनसीसी की सीटें नहीं बढ़ीं।पहली बार उत्तराखंड राज्य के लिए 10 हजार एनसीसी कोटा बढ़ाया गया है। कार्यक्रम में परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानंद मुनि सरस्वती महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिव्यांग मुक्त भारत का जो अभियान चलाया है, निश्चित तौर यह कदम जल्द सफल होगा। उन्होंने कहा कि परमार्थ निकेतन ऋषिकेश और महावीर सेवा सदन कोलकाता के प्रयास से देश के अलग-अलग राज्यों में लाखों दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरित कर जीवन दान दिया जा रहा है। उन्होंने मंजरा देवी विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉ. हरिशंकर नौटियाल की सराहना करते हुए कहा कि चीन सीमा पर यह उत्तराखंड का पहला निजी विश्वविद्यालय है। उन्होंने देश के अन्य राज्यों के साथ मिलकर इस विश्वविद्यालय में विदेशी स्तर की शिक्षा शुरू करने की पहल की। स्वामी चिदानंद मुनि महाराज ने परमार्थ निकेतन की ओर से विश्वविद्यालय में एमबीबीएस की शिक्षा शुरू करने के लिए एक करोड़ की मदद का भरोसा दिया है।

# हरिद्वार मेडिकल कॉलेज के लिए 100 सीटों की मंजूरी

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**

- स्थानीय जनता को इलाज के लिए अब दूसरे शहरों का नहीं करना होगा रुख
- मुख्यमंत्री धामी प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा का आभार व्यक्त किया

हरिद्वार जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार की दिशा में राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। मेडिकल कॉलेज के लिए 100 मेडिकल सीट आवंटित की गई हैं। मुख्यमंत्री धामी ने इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा का आभार व्यक्त किया है। उत्तराखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं को विकसित करने के किये राज्य सरकार संकल्पित है। देहरादून, श्रीनगर, हल्द्वानी में राजकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना के बाद अब हरिद्वार में भी मेडिकल कॉलेज का संचालन होने जा रहा है। दरअसल, मैदानी जनपद होने के बावजूद हरिद्वार में की कमी थी। ऐसे में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत के विशेष प्रयासों से हरिद्वार में मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार के विशेष प्रयासों से अल्प समय में इसका भवन बनकर तैयार हो गया। विगत माह एनएमसी की टीम ने हरिद्वार मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया जिसमें कुछ कमियां इंगित की गई, जिन्हें बाद में दूर कर लिया गया। अब बताया जा रहा है हरिद्वार मेडिकल कॉलेज के लिए शुरुआती चरण में 100 एमबीबीएस सीटों को मंजूरी मिली है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए हमारी सरकार सतत रूप से कार्य कर रही है। हम पर्वतीय जनपदों के साथ ही मैदानी जनपदों में चिकित्सा सेवाओं को सुलभ बनाना चाहते हैं। हरिद्वार मेडिकल कॉलेज के निर्माण को तेजी से पूरा किया गया है। निश्चित ही भविष्य में लोगों को इस अस्पताल के खुलने से बड़ा लाभ होगा।

### हरिद्वार की लाखों की आबादी को मिलेगा लाभ

इस कॉलेज के निर्माण से हरिद्वार जनपद की लाखों की आबादी को लाभ होगा। दरअसल, इस जनपद की आबादी को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए ऋषिकेश एम्स व देहरादून के विभिन्न अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता था लेकिन मेडिकल कॉलेज बनने से यहां के लोगों को आने वाले दिनों में काफी राहत मिलेगी।

# आज से बदल जाएगा परिषदीय और माध्यमिक विद्यालयों का समय

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

परिषदीय व माध्यमिक विद्यालयों में मंगलवार से पठन-पाठन के समय में बदलाव होगा। एक अक्तूबर से परिषदीय विद्यालयों में सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक पढ़ाई होगी। वहीं मौसमी बीमारियों डेंगू-मलेरिया को देखते हुए बच्चों को फुल आस्तीन के कपड़े पहनने के निर्देश दिए गए हैं। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जारी शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार एक अप्रैल से 30 सितंबर तक विद्यालय सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक और एक अक्तूबर से 31 मार्च तक सुबह नौ से दोपहर तीन बजे तक चलेंगे। इसी क्रम में यह बदलाव हो रहा है। मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए परिषदीय विद्यालयों में विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसमें अभिभावकों को भी बीमारियों के प्रति जागरूक करने के लिए पंचायत स्तर पर कार्यक्रम होंगे। स्कूल परिसर की सफाई तथा जलभराव न हो, इसके लिए भी अभियान चलाया जा रहा है। स्कूलों में फागिंग व दवा छिड़काव के भी निर्देश दिए गए हैं।



### माध्यमिक विद्यालय सुबह 9.30 बजे से चलेंगे

एक अक्तूबर से माध्यमिक विद्यालयों का भी समय बदलेगा। माध्यमिक विद्यालय सुबह 9.30 से दोपहर 3.30 बजे तक चलेंगे। वर्तमान में यह 7.30 से 1.30 बजे तक चल रहे हैं। सुबह 15 मिनट प्रार्थना सभा होगी। इसके बाद 9.45 से 40-40 मिनट के चार पीरियड पढ़ाई होगी। इसके बाद 25 मिनट का लंच, फिर चार पीरियड पढ़ाई होगी।

# आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा में अब एक प्रश्नपत्र

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने समीक्षा अधिकारी-सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ-एआरओ) परीक्षा में बड़ा बदलाव किया है। अब आरओ-एआरओ परीक्षा के एक ही प्रश्न पत्र होंगे। पहले सामान्य अध्ययन और हिंदी के दो अलग-अलग प्रश्न पत्र होते थे। साथ ही अब दो की जगह तीन घंटे की परीक्षा होगी। एक प्रश्न पत्र में ही सामान्य अध्ययन 140 और हिंदी के 60 प्रश्न होंगे।

### 22 दिसंबर को प्रस्तावित है परीक्षा

आरओ-एआरओ की प्रारंभ परीक्षा का पेपर 11 फरवरी को लीक हो गया था। जिसके बाद अभ्यर्थियों ने आंदोलन शुरू कर दिया था। प्रारंभिक जांच में भी पेपर लीक होने की पुष्टि हुई। इसके बाद आयोग ने दोबारा परीक्षा कराने का फैसला किया। आयोग के कैलेंडर में यह परीक्षा 22 दिसंबर को प्रस्तावित है।

# कोर्ट में पेश हुईं जयाप्रदा

**सपा नेताओं की अभद्र टिप्पणी से आहत, कहा, स्त्री के सम्मान की लड़ाई लड़ रही हूं**



**जन एक्सप्रेस । रामपुर**

अभद्र टिप्पणी के मामले में अभिनेत्री और रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा सोमवार को अदालत में पेश हुईं। उन्होंने अपने वारंट को रद्द कराने के बाद बयान दर्ज कराए। 2019 लोकसभा चुनाव के बाद कटघर क्षेत्र के मुस्लिम डिग्री कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान समाजवादी पार्टी के नेताओं ने उन पर अशोभनीय टिप्पणी की थी। जयाप्रदा ने कहा कि यह टिप्पणी सोशल मीडिया पर सुनी थी, जिससे वह आहत हुईं। मामले में रामपुर निवासी मुस्तफा हुसैन ने सपा नेता आजम खां, डॉ. एसटी हसन, अब्दुल्ला आजम, फिरोज खां, आयोजक मोहम्मद आरिफ और रामपुर के पूर्व चेयरमैन अजहर खां के खिलाफ केस दर्ज कराया था। मामले की सुनवाई एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट के जज एमपी सिंह की अदालत में हो रही है। विशेष लोक अभियोजक मोहनलाल विश्नोई ने बताया कि जयाप्रदा के अदालत में हाजिर नहीं होने के कारण उनके खिलाफ वारंट जारी किए गए थे। सोमवार को जयाप्रदा ने अदालत में पेश होकर कहा कि उनकी तबीयत खराब होने के कारण पेश नहीं हो पाई थीं, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। इसके बाद उन्होंने पीड़िता के रूप में अपना बयान दर्ज कराया। उनके बयान के बाद आरोपी पक्ष के वकील दिनेश चंद पाठक ने उनसे जिरह की, लेकिन समय के अभाव के कारण पूरी नहीं हो पाई। जयाप्रदा सोमवार को सुबह साढ़े ग्यारह बजे अपने वकील के साथ अदालत में पहुंचीं।

### मिथुन चक्रवर्ती को दी बधाई

अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के पुरस्कार दिए जाने पर जयाप्रदा ने कहा कि यह हमारे लिए खुशी का क्षण है। मिथुन चक्रवर्ती एक सुपरस्टार हैं। उन्होंने कई भाषाओं में काम किया है। मैंने भी उनके साथ कई फिल्मों में काम किया है। वह बेहतर इंसान हैं।

**रिपोर्ट** नियोजन विभाग ने शुरू की प्रक्रिया, 107 करोड़ रुपए की लागत से 18 महीने में सभी निर्माण कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य है निर्धारित

# सीतापुर में 200 बेड युक्त पुरुष जिला अस्पताल का निर्माण कराएगी योगी सरकार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- सीएम योगी के विजन अनुसार, सीतापुर में भूतल समेत चार मंजिला अस्पताल के निर्माण का मार्ग होगा प्रशस्त
- ईपीसी मोड पर होगा पुरुष जिला अस्पताल का निर्माण, डीपीआर समेत विभिन्न प्रकार की रिपोर्ट्स के निर्माण का कार्य भी जल्द ही शुरू होगा

उत्तर प्रदेश को उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं से युक्त करने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने सीतापुर में 200 बेड युक्त पुरुष जिला अस्पताल के निर्माण को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। नियोजन विभाग की देखरेख में ईपीसी मोड में 107 करोड़ रुपए की लागत से इसे तैयार किया जाएगा। सभी निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए 18 महीने की अवधि निर्धारित की गई है। सीएम योगी के विजन अनुसार, पुरुष जिला अस्पताल को भविष्य की जरूरतों को देखते हुए निर्मित किया जाएगा। निर्माण व विकास कार्यों को गति देने के लिए डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) समेत विभिन्न प्रकार की मॉनिटरिंग रिपोर्ट्स तैयार किए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अस्पताल को बिल्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम, सोलर पैनल, पब्लिक एड्रेस व कंप्यूटराइज्ड कम्यूनिकेशन तथा सीसीटीवी सर्विलांस जैसी सुविधाओं से युक्त होगा। अस्पताल को भूतल समेत 4 मंजिला बनाया जाएगा जिसके विभिन्न तलों पर अलग अलग चिकित्सा खंड को अवस्थित किया जाएगा।



### कार्यों को पूरा करने के लिए टाइमलाइन निर्धारित

सीतापुर में 200 बेड युक्त पुरुष जिला अस्पताल के निर्माण को लेकर विभिन्न चरणों को पूरा करने की डेडलाइन तैयार कर ली गई है। निर्माण समेत सभी कार्यों को पूरा करने के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी एजेंसी को कार्य आवंटित किया जाएगा। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद 75 दिन की कार्यावधि में डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट व आर्किटेक्चरल डिजाइन को पूरा किया जाएगा। यह कार्य पूरा होने तथा स्वीकृति प्राप्त होने के बाद 18 महीनों की निर्धारित अवधि (वर्षा अवधि के अतिरिक्त) में सभी निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। इस दौरान डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड के लिए 36 महीने की अवधि निर्धारित की गई है।

### भविष्य की जरूरतों अनुसार तैयार होगा अस्पताल

सीएम योगी के विजन अनुसार, परियोजना के अंतर्गत पुरुष जिला अस्पताल को भविष्य की जरूरतों के हिसाब से तैयार किया जाएगा। इसका निर्माण उत्तर प्रदेश एनर्जी कंजर्वेशन बिल्डिंग कोड (यूपीईसीबीसी) के नियमों के अनुसार किया जाएगा। यहां रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सोलर एनर्जी इनेबल्ड सेटअप को स्थापित किया जाएगा। वेस्ट मटीरियल्स के निस्तारण के लिए बिल्डिंग मटीरियल एंड टेक्निकल काउंसिल (बीएमटीपीसी) के मानकों का पालन किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत अस्पताल की इमारत में भूतल पर ओपीडी, वेटिंग हॉल, 2 ओटी, आईसीयू व एग्जामिनेशन कक्षों का निर्माण किया जाएगा। प्रथम तल पर 4 ओटी, कॉन्फ्रेंस हॉल, एग्जामिनेशन व सीएमएस कक्ष, दूसरे तल पर सर्जिकल वॉर्ड, ईएनटी वॉर्ड, आइसोलेशन वॉर्ड, हाउस कीपिंग एरिया, किचन, डॉक्टर्स व नर्स रेस्ट रूम, वॉशिंग एरिया, सीटी स्कैन, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड, ईसीजी तथा एक्सरे रूम का निर्माण किया जाएगा।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 31°C | 25°C |
| कानपुर | 32°C | 25°C |
| देहरादून | 29°C | 20°C |
| नई दिल्ली | 35°C | 26°C |

# मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए परिषदीय स्कूलों में अभियान चलाएगी योगी सरकार

## डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए विद्यालयों में फुल आस्तीन के कपड़ों की अनिवार्यता

- विद्यालय परिसरों और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई और जागरूकता पर जोर
- समुदाय का सहयोग लेने और स्थानीय निकायों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश




जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने बरसात के मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए विशेष अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। यह अभियान परिषदीय विद्यालयों में तो चलाए ही जाएंगे, साथ ही अभिभावकों को जागरूक करने के लिए पंचायत स्तर पर भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। अधिक वर्षा के कारण आबादी के आसपास होने वाले जलभराव से बीमारियों के पनपने की संभावना को देखते हुए योगी सरकार ने यह कदम उठाया है। बरसात के दिनों में गांवों और शहरों के कई क्षेत्रों में जलभराव की समस्या उत्पन्न होने की संभावना बनी रहती है। ऐसे में डेंगू, मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए, योगी सरकार ने बच्चों को इन बीमारियों से बचाने के लिए परिषदीय विद्यालयों में विशेष कदम उठाए हैं। इसमें बच्चों को फुल आस्तीन के कपड़े पहनकर स्कूल आने के लिए प्रेरित किया जा रहा है और विद्यालय परिसरों की साफ-सफाई तथा जलभराव की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए उठाए जा रहे कदम

बरसात के मौसम में जलभराव के कारण मच्छरों के पनपने से बच्चों के स्वास्थ्य पर खतरा बढ़ जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए योगी सरकार के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह के निर्देश पर छात्र-छात्राओं को इन बीमारियों से बचाने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं। इतना ही नहीं, किसी बच्चे में बुखार या सिरदर्द के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के प्रयास करने को भी कहा गया है।

### शिक्षक-अभिभावक जागरूकता अभियान

विद्यालय प्रबंधन समितियों और अध्यापक-अभिभावक बैठकों के माध्यम से अभिभावकों को डेंगू और अन्य बीमारियों के खतरों से अवगत कराया जा रहा है। उन्हें यह भी समझाया जा रहा है कि बच्चों को फुल आस्तीन के कपड़े पहनाकर स्कूल भेजना जरूरी है।

### जलभराव की समस्या का समाधान

योगी सरकार ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया है कि स्कूल परिसर में जलभराव की समस्या होने पर तुरंत जल निकासी की व्यवस्था करें और मच्छर रोधी दवाओं का छिड़काव कराएं।

**फॉगिंग और साफ-सफाई की व्यवस्था**

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह के निर्देशन में स्कूल परिसरों में फॉगिंग और साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की गई है। स्कूल के गमलों, टायरों, बोतलों में पानी इकट्ठा न होने देने की भी खास तैयारी की गई है। मच्छरों से बचने के लिए फॉगिंग के लिए स्थानीय निकायों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**समुदाय का सहयोग लेने पर जोर**

पंचायत, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कर्मचारी और अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है। इधर, पंचायत स्तर पर बैठकें आयोजित कर अभिभावकों खासकर माताओं को इन प्रयासों में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। घर से स्कूल के लिए निकलने वाले बच्चे के बचाव के पूरे प्रबंध कर भेजने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया जा रहा है।

# दीक्षांत संबोधन का शैक्षणिक महत्व



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भारत को शाश्वत रचना माना गया। यहां राष्ट्र का विचार वैदिक काल से रहा हैं। मातृभूमि की वन्दना का भाव सदैव रहा है। नदी पर्वत प्रकृति सभी के प्रति सम्मान रहा। आधुनिक युग में महर्षि अरविंद ने भारत माता का चित्रण किया। बंकिम चंद्र ने भारत माता की वन्दना की। देश में अनेक स्थानों पर भारत माता के मंदिर बने है। ऐसा ही मंदिरमहात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में निर्मित हुआ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ परिसर में निर्मित भारत माता मंदिर का दर्शन किया। इसका निर्माण डॉ शिवप्रसाद गुप्त ने कराया था। इसका उद्घाटन सन् 1936 में महात्मा गांधी जी द्वारा किया गया। इस मंदिर में संगमरमर पर अविभाजित भारत का त्रिआयामी भौगोलिक मानचित्र उकेरा गया है। जिसमें पर्वत,पठार, नदियों और सागर सभी को बखूबी दर्शाया गया है। इसके पहले आनंदीबेन पटेल ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के दीक्षान्त समारोह को संबोधित किया। उन्होंने इस वर्ष के बजट में शिक्षा के लिए रखे गए अब तक के सर्वाधिक बजट की भी चर्चा की। उन्होंने बताया की इस वर्ष शिक्षा का बजट 1.48 लाख करोड़ दिया गया है जिसका लाभ सभी विद्यार्थियों को लेना चाहिए। अगले पांच वर्षों में भारत के एक करोड़ विद्यार्थियों को देश की शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप करने करने के मौके का जिक्र भी उन्होंने अपने सम्बोधन में किया और बताया कि विद्यार्थियों को कौशल विकास हेतु 7.5 लाख के ऋण की सुविधा भी दी जा रही है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को योजना का समुचित लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल सार्थक दिशा में होना चाहिये। उन्होंने ऊर्जा और पानी बचत के लिए भी प्रेरित किया। विश्वविद्यालयों में लागू समर्थ पोर्टल के बारे बताते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के 33 विश्वविद्यालयों को समर्थ पोर्टल से जोड़ते हुए 200 करोड़ की बचत की गयी है। राज्यपाल जी ने अपने सम्बोधन में गर्भस्थ संस्कार की शिक्षा, संस्थागत प्रसव को शत-प्रतिशत करने की प्रतिबद्धता रखने, नवजात शिशु की सही देखभाल जैसे विषयों पर भी चर्चा की। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल जी द्वारा सोनभद्र जिले की 10 विशिष्ट आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित भी किया गया, जिसमें जिलाधिकारी सोनभद्र बद्रीनाथ सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी भी उपस्थित रहीं। रेखा देवी को सर्वोत्कृष्ट आँगनवाड़ी कार्यकत्री के लिए पुरस्कृत किया गया। उल्लेखनीय है कि होप वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा गावों को नशा मुक्त कराने हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है, जिसमें उनके द्वारा तैयार ग्रीन आर्मी से जुड़ी उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं तथा बच्चियों को साड़ी तथा पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। राज्यपाल की प्रेरणा से विश्वविद्यालय द्वारा सोनभद्र की विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों को सुविधा संपन्न बनाने हेतु विविध सामान की सौ किट भी प्रदान की गयी। काशी विद्यापीठ के गोद लिये गये विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। सोनभद्र में संचालित विभिन्न कंपनियों जिनमें एनसीएल, अल्ट्राटेक सीमेंट, हिंडाल्को को सीएसआर के तहत कराये गये कार्यों हेतु सम्मानित किया।

**सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में दीक्षान्त संबोधन**

आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी का दीक्षान्त समारोह सम्पन्न हुआ। उन्होंने छात्रों को जीवन में कर्तव्यनिष्ठा का पालन करने की प्रेरणा दी। राज्यपाल जी ने संस्कृत शिक्षा की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए कहा कि सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय प्राचीन भारत की सांस्कृतिक और शैक्षिक धरोहर को जीवंत रखने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि संस्कृति की विरासत संस्कृत भाषा में संचित और संरक्षित है। इसीलिए संस्कृत भाषा में उपलब्ध सांस्कृतिक चेतना का प्रसार करना राष्ट्र सेवा है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रतिष्ठा के दो स्तम्भ हैं। प्रथम संस्कृत व द्वितीय संस्कृति। संस्कृत भाषा देववाणी है तो देशवाणी भी है। उन्होंने कहा कि आदर्श जीवन शैली संस्कृत के प्राचीन ग्रन्थों में बताई गई है। उन्होंने संस्कृत के प्राचीन ग्रंथों का अनुवाद हिन्दी में करने का निर्देश देते हुए कहा कि इन ग्रन्थों में आदर्श जीवन शैली बताई गई है, जिसका लाभ आम-जनमानस को मिलना चाहिए, जिससे वे ऋषि, मुनियों के प्राचीन ज्ञान से लाभान्वित हो सकें ।राज्यपाल जी ने सरस्वती भवन पुस्तकालय में संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों के बारे में बताया कि इनमें अनमोल ज्ञानराशि निहित है। उसके संरक्षण का कार्य भी भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन के द्वारा बहुत सुन्दर प्रयास के साथ किया जा रहा है, जिसको और अधिक गति देने के लिए राज्यपाल जी ने कम्प्यूटरीकरण करने का भी निर्देश दिया और कहा कि इन पाण्डुलिपियों का प्रकाशन कराकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

**संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों का अवलोकन**

आनन्दीबेन पटेल ने आज सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के सरस्वती भवन पुस्तकालय में संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों तथा भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के उपक्रम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन द्वारा किए जा रहे पाण्डुलिपि संरक्षण के कार्यों का अवलोकन। राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय के विस्तार भवन में चल रहे पाण्डुलिपि संरक्षण के कार्यों के तीनों प्रकारों प्रिवेंटिव, क्यूरेटिव और मेटाडाटा के निर्माण की गतिविधियों को देखा और उसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की, साथ ही संरक्षण के चल रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुये कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया ताकि यह प्रमाणिक कार्य नियत समय पर पूर्ण हो और उसका प्रकाशन भी समय पर संपादित हो। उन्होंने से सात प्रमुख पाण्डुलिपियों क्रमशः श्रीमद्भागवतम्, रासपच्चाध्यायी-सचित्र, भागवतगीता, दुर्गासप्तसती, यंत्रराजकल्पः, सिंहासन बत्तीसी और कृषि पद्धति का बारिकी से निरीक्षण कर उनके बारे में जानकारी प्राप्त किया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित कराकर किया जाए रोजगार सृजन: केशव

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में अधिक से अधिक इकाइयां स्थापित कराकर अधिक से अधिक रोजगार सृजित किए जांय ।खाद्य प्रसंस्करण यूनिटों की स्थापना के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए ।इस क्षेत्र में लगाई जाने वाली यूनिटों को दी जा रही सब्सिडी की जानकारी आम जनमानस को दी जाए। खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में लोगों को दिए जा रहे हैं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए । श्री मौर्य ने निर्देश दिए हैं कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को भी फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में ट्रेनिंग देने का प्लान तैयार किया जाय और उत्पादो की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा पारदर्शिता बनाए रखी जाए। छोटी-छोटी यूनिटों की स्थापना को बढ़ावा दिया जाए,तभी किसानो की भी आमदनी बढ़ेगी ।उप मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खाद्य प्रसंस्करण विभाग में रिक्त पदों को भरने के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाय। आयोग को भेजे गये अधियाचनों के सम्बन्ध में जहां जरूरी हो , आयोग को अनुस्मारक भेजा जाय। खाद्य प्रसंस्करण विभाग व उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की संयुक्त गोष्ठी आयोजित की जाय, जिसमें खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों की स्थापना, यूपी एस आर एल एम के साथ प्रशिक्षण एवं नये प्रस्ताव प्राप्त करने पर विचार हो। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 के अन्तर्गत प्रसंस्करण इकाइयों को स्वीकृत अनुदान की धनराशि एवं एलओसी वितरण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया जाय।

### दो करोड़ से अधिक सदस्य बनायेगी बीजेपी: भूपेंद्र चौधरी

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक पर्व के तहत सदस्यता अभियान बैठक लखनऊ के विश्वेश्वरैया सभागार में सोमवार को सम्पन्न हुई। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बैठक में सदस्यता अभियान की समीक्षा की। द्वितीय चरण में अभियान की सफलता के लिए आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की। बैठक में अभियान के प्रदेश संयोजक व प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला के साथ सदस्यता टोली के सदस्य के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत व रामप्रताप सिंह चौहान की उपस्थिति रही। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य ने किया। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी, सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारी उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से सदस्यता अभियान का प्रथम चरण ऐतिहासिक रूप से सफल हुआ है। सदस्यता अभियान का द्वितीय चरण 13अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलेगा। पार्टी की प्रदेश इकाई ने 02 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य लिया था। पार्टी प्रदेश में 02 करोड़ सदस्य बनाने के लक्ष्य से अधिक सदस्यता करेगी। बड़ी संख्या में पार्टी के सक्रिय सदस्य बनेंगे, जो आगामी समय में पार्टी के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करेंगे। हमारा प्रयास होना चाहिए हम सभी से संपर्क करें और सभी को भाजपा से जोड़ने का प्रयास करें। यह ऐसा व्यापक अभियान है जो हमें सभी तक पहुंचने और सभी को जोड़ने का काम करता है। उन्होंने कहा कि लगातार सपा व कांग्रेस के लोग जनता को गुमराह करने का काम कर रहे है। इस अभियान के माध्यम से हमें लोगो तक पहुंचकर विपक्ष के झूठ और भ्रम को भी समाप्त करना है।



# नगर निगम टीम ने नाले की जमीन को कराया अतिक्रमण मुक्त

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह व अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के निर्देश पर काम कर रही टीम प्रभारी अधिकारी संपत्ति संजय यादव, नगर निगम, नायब तहसीलदार रत्नेश कुमार, लेखपाल अनुपम कुमार, लेखपाल अजीत तिवारी व क्षेत्रीय पुलिस बल की उपस्थिति में ग्राम पारा तहसील सदर लखनऊ में खसरा संख्या 2444 क्षेत्रफ़ल 0.0700हे0 राजस्व अभिलेखों में नाले में दर्ज है। जिसे सोमवार को जेसीबी मशीन चलाकर खाली कराया गया। ज्ञात हो कि उक्त भूमि पर सतीश कुमार शर्मा द्वारा दीवार खड़ी करके व रास्ते में गेट लगाकर अवैध कब्जा किया गया था।

# एस एस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया स्वच्छता ही सेवा का संदेश





जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब स्थित एस एस इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राओं ने गाँधी जयंती के तत्वाधान में नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर प्रतिदिन की दिनचर्या में स्वच्छता को प्राथमिकता देने एवं स्वच्छता अपना कर कैसे समाज एवं देश की सेवा में सहभागिता कर सकते हैं इस विषय पर अपने विचार साझा किए। इस कार्यक्रम के माध्यम से स्कूल के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्वच्छता अपनाने एवं साफ़ सफ़ाई रखने हेतु प्रतिज्ञा करायी गयी,विद्यार्थियों ने उक्त नुक्कड़ नाटक में स्वच्छता से संबंधित नारों जैसे कि गाँधी जी के सपने को करिए साकार , स्वच्छता हो देश का आधार जैसे स्लोगन लिखे पोस्टर का प्रदर्शन कर जागरूकता बढ़ाई, कार्यक्रम में स्कूल के चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान ने छात्रों को स्वच्छता के प्रति प्रोत्साहित करने हेतु स्वच्छ भारत , श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रिया उपाध्याय एवं शिक्षकों ने भी सहभागिता की।

# CONFEST प्रतियोगिता में एस आर ग्लोबल स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




कानपुर के सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, कानपुर कैंट में आयोजित 'CONFEST-2024' में प्रदेश के कुल 33 विद्यालयों ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता दिनांक 26.09.2024 से 28.09.2024 तक संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में एस आर ग्लोबल स्कूल के वैभव सिंह, लाइबा सिद्दीकी, पार्थ सिंह, सौरभ वेदकर, आर्यन कुमार, अनुष्का, राघव अग्रवाल, जान्हवी सिंह, अनुष्का सिंह, शिवम गोंन्ड, अंश कुमार, अपूर्वी गोयल, जीविका गुप्ता, अपूर्व शुक्ला, यश शुक्ला, सुहानी सैनी व मो0 अकबर सहित कुल 17 छात्र-छात्राओं के दल ने हिस्सा लिया एस आर ग्लोबल स्कूल नें चौथा स्थान प्राप्त किया जबकि इसके छात्र-छात्राओं ने 8 सिल्वर मेडल एवं एक ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया शिवम गोंन्ड और अंश कुमार ने 'CONFEST प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कियाद्ध छात्र-छात्राओं के दल का संरक्षण विद्यालय के शिक्षक मोहम्मद बिलाल अहमद और महज़बीन फातिमा ने किया था। इस अवसर बच्चों को पुरस्कार एवं मेडल प्रदान करते हुए विद्यालय के अध्यक्ष आदरणीय श्री पवन सिंह चौहान सदस्य विधान परिषद् उत्तर प्रदेश ने छात्र-छात्राओं के प्रयास की भूरि-भुरि प्रशंसा की और भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए आवाहित किया । बच्चों को शुर्भाशिवाद प्रदान करते हुए वाइस चेयरमैन पियूष सिंह चौहान ने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं सम्बंधित शिक्षकों के प्रयास की सराहना की।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एवं दादा-दादी नाना-नानी दिवस समारोह का आज

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के समाज कल्याण विभाग, हेल्पेज इंडिया तथा वरिष्ठ नागरिक महासमिति के संयुक्त तत्वावधान में कल 01 अक्टूबर गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एवं दादा-दादी, नाना-नानी दिवस समारोह प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 02 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरूण मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में संजीव कुमार गोंड राज्यमंत्री समाज कल्याण एवं डॉ हरिओम प्रमुख सचिव समाज कल्याण विभाग अति विशिष्ट अतिथि होंगे। समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार समाज कल्याण विभाग एवं नगर विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विकसित भारत में वरिष्ठ नागरिक आवासीय नीति पर नीति संवाद स्थापित करने के लिए ऑनलाइन चर्चा हेतु सायं 04 बजे से 05:30 बजे तक वेबिनार का आयोजन भी किया जा रहा है। इस वेबिनार का उद्देश्य उत्तर भारत में वरिष्ठ नागरिको हेतु विशिष्ट आवासों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए परिचर्चा करना है। जिसमें रियल स्टेट कंपनियां, वरिष्ठ नागरिक, समाज कल्याण विभाग और नगर विकास विभाग प्रतिभाग करेंगे।

# आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन और संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर सीएम सख्त

- सीएम योगी ने शिकायतों के निस्तारण में खराब प्रदर्शन करने वाले जिलों की तलब की रिपोर्ट
- कई जिलों के डीएम और एसएसपी, एसपी के खिलाफ लिया जा सकता है सख्त एक्शन
- देवरिया, भदोही, गोंडा समेत कई जिलों के डीएम और एसएसपी, एसपी के खिलाफ हो सकती है कार्रवाई
- अगस्त और सितंबर में औरैया, लखीमपुर खीरी, मेरठ का शिकायतों के निस्तारण में रहा अच्छा प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन और संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर सख्त रूख अख्तियार किया है। पिछले कई दिनों से सीएम योगी आदित्यनाथ को शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही और हीलाहवाली की शिकायतें मिल रहीं थीं। इस पर उन्होंने ऐसे जिलों के डीएम और एसएसपी, एसपी की रिपोर्ट तलब की है। माना जा रहा है कि लापरवाह डीएम और एसएसपी, एसपी की रिपोर्ट मिलते ही बड़ी कार्रवाई की जा सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुछ दिन पहले एक उच्च स्तरीय बैठक में आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन और संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की थी। साथ ही उन्होंने लापरवाह अधिकारियों की रिपोर्ट तलब करने के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने हाल ही में आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन और संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पाया कि 1 सितंबर से 25 सितंबर के बीच प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश के कई जिलों का प्रदर्शन ठीक नहीं है। इसमें शिकायतों के निस्तारण के बाद सीएम हेल्पलाइन एवं सीएम डैशबोर्ड से लिये गये फीड बैक में शिकायतकर्ताओं ने असंतोष जताया है। इनमें देवरिया, भदोही, गोंडा, ललितपुर, प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, आजमगढ़ और मीरजापुर के जिले शामिल हैं। इन जिलों के शिकायतकर्ताओं ने अपनी शिकायत के निस्तारण के फीडबैक पर 70 प्रतिशत तक असंतोष जाहिर किया है। इस पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन जिलों के डीएम और एसएसपी, एसपी को फटकार लगाते हुए इसमें सुधार करने के निर्देश दिये हैं। वहीं मुख्य सचिव समीक्षा बैठक की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपने वाले हैं। जानकारों की मानें तो रिपोर्ट के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन ले सकते हैं।

**अगस्त और सितंबर में औरैया, लखीमपुर, मेरठ का शिकायतों के निस्तारण में रहा अच्छा प्रदर्शन**

मुख्य सचिव ने समीक्षा बैठक में पाया कि प्रदेश के कुछ जिलों का अगस्त, सितंबर माह में आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निस्तारण करने में अच्छा प्रदर्शन रहा है। इन्होंने समयबद्ध तरीके से शिकायतों को निस्तारित कर स्पेशल क्लोज रिपोर्ट समिट की है। इसमें अगस्त माह में औरैया, लखीमपुर खीरी और लखनऊ शामिल हैं। इसी तरह सितंबर माह में औरैया, लखीमपुर खीरी, मेरठ, सहारनपुर और गोरखपुर के जिले शामिल हैं। इस पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन जिलों के डीएम और एसएसपी, एसपी की प्रशंसा करते हुए अन्य जिलों के अधिकारियों को इसी आधार पर काम करने के निर्देश दिये।

# सीबीआरआई रुड़की की देखरेख में होगा तृतीय केदार तुंगनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार, सीएम ने दी अनुमति

* बदरीनाथ केदारनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने तुंगनाथ मंदिर के संरक्षण कार्य के लिए अनुमति देने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह सिंह धामी का आभार जताया है।

जन एक्सप्रेस। देहरादून



विश्व में सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित तृतीय केदार के नाम से विख्यात तुंगनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण और सुरक्षात्मक कार्यों के लिए प्रदेश सरकार ने अनुमति दे दी है। इस संबंध में सचिव धर्मस्व हरिचंद्र सेमवाल ने बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति को पत्र जारी किया। केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रुड़की (सीबीआरआई) की देखरेख में मंदिर के संरक्षण कार्य किए जाएंगे। बदरीनाथ केदारनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने तुंगनाथ मंदिर के संरक्षण कार्य के लिए अनुमति देने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह सिंह धामी का आभार जताया है। उन्होंने गत वर्ष भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के महानिदेशक को पत्र लिखकर समुद्र तल से 11,942 फीट की ऊंचाई पर स्थित तुंगनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण व सुरक्षात्मक कार्यों को कराने के लिए तकनीकी परामर्श उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। इस पर दोनों विभागों के विशेषज्ञों ने मंदिर का अध्ययन कर रिपोर्ट बीकेटीसी को सौंपी थी। रिपोर्ट के बाद बीकेटीसी ने केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रुड़की से भी इस संबंध में राय मांगी है। सीबीआरआई के वैज्ञानिक पिछले दिनों तुंगनाथ का भ्रमण कर चुके हैं। उनकी रिपोर्ट भी जल्दी ही बीकेटीसी को मिल जाएगी इस बीच बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र ने शासन को एएसआई व जीएसआई की रिपोर्ट का हवाला देते तुंगनाथ मंदिर के संरक्षण कार्यों के लिए सहमति देने का आग्रह किया था। इस पर सचिव धर्मस्व व संस्कृति हरिचंद्र सेमवाल ने बीकेटीसी को पत्र लिखकर इसकी अनुमति प्रदान कर दी है। शासन ने मंदिर की पौराणिकता को देखते हुए इसकी विस्तृत योजना रिपोर्ट (डीपीआर) और संपूर्ण कार्य सीबीआरआई रुड़की के माध्यम से कराने के निर्देश दिए हैं। शासन ने यह भी निर्देश दिए कि संपूर्ण कार्य एएसआई और जीएसआई के तकनीकी विशेषज्ञों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए किए जाएंगे।

# घंटाघर पर जाम लगाने वाले 400 लोगों के खिलाफ मुकदमा, वीडियो फुटेज से पहचान कर रही पुलिस



जन एक्सप्रेस। देहरादून

बीते बृहस्पतिवार को रेलवे स्टेशन पर दो पक्षों में विवाद हो गया था। जिसके बाद पुलिस ने बजरंग दल के नेता विकास वर्मा को भी हिरासत में लिया था। इसकी भनक व्यापारियों को लगी तो उन्होंने बाजार बंद कर दिया और घंटाघर पर जाम कर दिया। घंटाघर पर जाम लगाने के आरोप में 400 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। लोगों ने वहां बजरंग दल के नेता विकास वर्मा को हिरासत में लिए जाने के विरोध में जाम लगाया था। अब पुलिस वीडियो फुटेज के माध्यम से लोगों की पहचान में जुट गई है। बीते बृहस्पतिवार को बदायूं की एक किशोरी अपने एक दोस्त से मिलने के लिए देहरादून आई थी। उसका यह दोस्त भी बदायूं का ही रहने वाला था। इसकी भनक एक पक्ष को लगी तो उन्होंने युवक की पिटाई कर दी। इस बात से गुस्साए दूसरे पक्ष के लोग भी वहां आ गए। दोनों पक्ष आमने-सामने आए। पुलिस ने मामले को संभालने की कोशिश की तो दोनों से पथराव किया गया। जैसे-तैसे मामला देर रात शांत हुआ तो पुलिस ने दोनों पक्षों के करीब 100 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। इसमें दोनों पक्षों के 15 लोग नामजद भी थे। पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पता चला कि पुलिस ने बजरंग दल के नेता विकास वर्मा को भी हिरासत में लिया है। इसकी भनक व्यापारियों को लगी तो उन्होंने बाजार बंद कर दिया। व्यापारियों और अन्य लोगों ने घंटाघर पर भी जाम लगा दिया। करीब चार घंटे घंटाघर पर जाम लगा रहा। पुलिस ने जाम लगाने वाले करीब 400 लोगों के खिलाफ शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया है।

## विदेशों में बैठे साइबर ठगों को सिम और ओटीपी मुहैया कराने वाला दबोचा

देहरादून। विदेशों में बैठे साइबर ठगों को भारतीय सिम कार्ड और ओटीपी बेचने वाले शातिर को एसटीएफ ने हरिद्वार के मंगलौर से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अब तक 20 हजार से ज्यादा सिम कार्ड एक्टिवेट करा उन्हें विदेश भेजा है। जबकि, 1800 से ज्यादा सिम कार्ड उसके पास से बरामद हुए हैं। विदेश में बैठे ठग इन नंबरों से सोशल मीडिया अकाउंट भी चलाते हैं, जिसके लिए आरोपी उन्हें तीन से 50 रुपये में ओटीपी बेचता है। इन अकाउंट से विदेशी ठग लोगों को विभिन्न निवेश स्कीम के जरिए लाखों-करोड़ों रुपये ठगते हैं। आरोपी के अन्य साथियों और नेटवर्क के बारे में भी पुलिस जानकारी जुटा रही है। आईजी कानून व्यवस्था डॉ. नीलेश आनंद भरणे ने मामले के भंडाफोड़ की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गत अप्रैल में माजरी माफी निवासी एक व्यक्ति ने थाना नेहरू कॉलोनी में शिकायत की थी। उन्हें चेन्नई निवासी कल्याणी नाम की महिला लगातार मैसेज और फोन कर रही थी। वह एक निवेश योजना के बारे में समझा रही थी। ढ्एक दिन उसके कहने से 10 हजार रुपये एक वेबसाइट पर निवेश कर दिए। इसका उन्हें 23 हजार रुपये लाभ प्राप्त हुआ। यह उन्होंने निकाल लिया।

## सेवानिवृत्त अध्यापक को डिजिटल अरेस्ट कर हड़पे दो करोड़ 27 लाख रुपये

देहरादून। मनी लाड्रिंग की बात कहकर साइबर ठगों ने दून के एक सेवानिवृत्त अध्यापक को नौ दिन तक डिजिटल अरेस्ट करके उनसे दो करोड़ 27 लाख रुपये हड़प लिए। आरोपितों ने खुद को मुंबई पुलिस का अधिकारी बताकर पीड़ित को गिरफ्तारी का भय दिखाया। साइबर थाना पुलिस ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निरंजनपुर निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि नौ सितंबर को उन्हें मुंबई साइबर क्राइम के नाम से फोन आया और इसके बाद फोन सब इंस्पेक्टर विनोय कुमार चौबे को स्थानांतरित कर दिया। आरोपित ने एक मुकदमा के संबंध में वीडियो काल पर बात करने को कहा। थोड़ी देर बाद विनोय कुमार ने वीडियो कॉल कर कहा कि आपके आधार कार्ड व मोबाइल नंबर से एक बैंक खाता खोला गया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### स्काउट गाइड के माध्यम से बच्चों में भरा जाता है देशप्रेम : विधायक

देहरादून। चांदपुर स्थित अनुनाद पब्लिक स्कूल में चल रहे स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण का सोमवार को समापन हो गया। तीन दिनों तक चले प्रशिक्षण में विभिन्न विद्यालयों के 450 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। क्षेत्रीय विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा कि स्काउट गाइड के माध्यम से बच्चो में बचपन से ही देशप्रेम की भावना को जागृत किया जाता है। इसके साथ ही अनुशासन में रहने के तौर तरीके और आपदा प्रबधंन के गुर भी सिखाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि यही बच्चे आगे चलकर देश का भविष्य बनते हैं। प्रशिक्षक मनोज कुमार सिंधी ने बच्चों को आपदा प्रबंधन, अनुशासन, देश की विभिन्न संस्कृति और खानपान आदि के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में संजीव शर्मा, सोमदत्त त्यागी, रविकांत सपरा, ललिता कोठियाल, फतेह सिंह रावत, सुनीता रावत, शिखा रावत आदि उपस्थित रहे।

### आसन रामसर साइट के अस्तित्व को बचाने की तैयारी

देहरादून। संरक्षित रामसर साइट के लिए खरपतवार मुसीबत बन रही है। किनारों से लेकर भीतर बने टापुओं पर उग रही तरह-तरह की घास वेटलैंड के अस्तित्व के लिए खतरा बन रही है। वन विभाग की आसन रिजर्व कंजर्वेशन प्रबंधन समिति ने इस स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। समिति अब खरपतवार नष्ट करने और पक्षियों के लिए समतल तल बनाने की योजना तैयार कर रही है। आसन कंजर्वेशन रिजर्व को उत्तराखंड का पहला रामसर साइट होने का दर्जा मिला हुआ है। लगभग साढ़े चार हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैले साइट में उग रही खरपतवार चिंताजनक है। दो दिन पहले रामपुर मंडी में आयोजित बैठक में आसन कंजर्वेशन रिजर्व प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, मुख्य वन संरक्षक गढ़वाल नरेश कुमार व मुख्य वन संरक्षक यमुनावृत कहकशां नसीम ने इसका उल्लेख किया था। उन्होंने साइट के किनारों व टापुओं से घास को नष्ट करके पक्षियों के लिए समतल तल बनाने के संबंध में एक प्रस्ताव भी तैयार किया है। चकराता वन प्रभाग की एसडीओ विभु ने बताया कि समिति अपना प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजेगी।

### आरएसी और वेल्डर ट्रेड में दो साल से नहीं हैं अनुदेशक

देहरादून। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान विकासनगर में वेल्डर और रेफ्रिजरेटर एयर कंडीशनर (आरएसी) ट्रेड के अनुदेशकों के पद दो साल से रिक्त चल रहे हैं। छात्रों को दूसरी ट्रेड के अनुदेशक प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसके चलते उन्हें आधा-अधूरा ज्ञान मिल रहा है। अनुदेशक की नियुक्ति के लिए कई बार पत्राचार किया जा चुका है, लेकिन रिक्त पद नहीं भरा जा रहा है। आईटीआई विकासनगर पछवादून का सबसे बड़ा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान है। यहां पांच ट्रेड संचालित की जा रही हैं। इनमें फीटर, इलेक्ट्रीशियन, ड्रॉफ्टमैन सिविल, आरएसी और वेल्डर ट्रेड शामिल हैं। प्रशिक्षण लेने के लिए जौनसार बावर और पछवादून के छात्र बड़ी संख्या में प्रवेश लेते हैं। संस्थान में वेल्डर और आरएसी के अनुदेश के पद रिक्त होने से छात्रों का प्रशिक्षण प्रभावित हो रहा है। वेल्डर की ट्रेड में 22 और आरएसी में 24 छात्र मौजूदा समय में प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्हें अन्य ट्रेड के अनुदेशक वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर प्रशिक्षण दे रहे है।

### दून, हरिद्वार, मसूरी और टिहरी के बीच चलेंगी प्राइवेट बसें

देहरादून। अब देहरादून संभाग में दून, हरिद्वार, मसूरी, टिहरी समेत सभी पहाड़ी क्षेत्रों के मध्य निजी बसों का संचालन राष्ट्रीय राजमार्गों (मुख्य मार्गों) पर हो सकेगा। अभी तक राष्ट्रीय राजमार्गों को अधिसूचित मार्गों की सूची में रखा गया था। इसके चलते निजी बसों का संचालन मुख्य मार्गों पर नहीं हो पा रहा था। निजी बसों को गंतव्य तक जाने के लिए अन्य वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करना पड़ता था। इसके चलते यात्रियों को समस्या हो रही थी। लेकिन अब निजी बसों का संचालन हो सकेगा। इसका प्रस्ताव तैयार हो चुका है। 16 अक्तूबर को कमिश्नर की अध्यक्षता में होने वाली संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लग जाएगी। देहरादून से ऋषिकेश, मसूरी जाना हो या हरिद्वार-टिहरी, निजी बसों को मुख्य मार्गों पर चलने की अनुमति नहीं थी। मुख्य मार्गों पर सिर्फ रोडवेज बसों को चलने की अनुमति थी। अब दून संभाग के राष्ट्रीय राजमार्गों को अधिसूचित राजमार्गों की सूची से बाहर किया गया

# बाबा अमरीक गैंग का एक और शातिर हरियाणा से गिरफ्तार, जमीन दिलाने के नाम पर की थी करोड़ों की ठगी

जन एक्सप्रेस। देहरादून



जमीन दिलाने के नाम पर 15 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में फरार चल रहे बाबा अमरीक गैंग के एक और सदस्य को पुलिस ने हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के घर की कुर्की की जानी थी, जिसके लिए पुलिस तीन दिन से हरियाणा में डेरा डाले हुई था। इसी बीच 10 हजार के इनामी आरोपी को दबोच लिया गया। पुलिस गैंग के सभी सदस्यों को गिरफ्तार कर चुकी है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया, इसी वर्ष राजपुर थाने में गोविंद सिंह पुंडीर की शिकायत पर संजीव कुमार, संजय गुप्ता आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों ने पुंडीर को जमीन दिलाने के नाम पर 15 करोड़ रुपये हड़पे थे। मामले की जांच की गई तो इसमें हरियाणा के जालसाज अमरीक सिंह का नाम सामने आया। अमरीक लोगों को झांसे में रखकर इस तरह से ठगी करता था। इस मामले में अब मोहम्मद अदनान, अमजद अली, शरद गर्ग, साहिल और रणवीर को गिरफ्तार कर लिया गया है। 20 सितंबर को सरगना बाबा अमरीक सिंह को भी हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया गया था, जबकि मुख्य आरोपी संजीव कुमार और संजय गुप्ता लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस ने दोनों के कुर्की वारंट न्यायालय से हासिल किए और हरियाणा के जगादरी में कार्रवाई शुरू की। गत 23 सितंबर को संजय गुप्ता को कचहरी परिसर से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस संजीव कुमार के घर की कुर्की करने की प्रक्रिया में हरियाणा पहुंची थी। आरोपी पर 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। कुर्की की भनक लगते ही वह शहर से भाग निकला। इसी बीच आरोपी संजीव कुमार को मोहंड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी दुर्गा गार्डन जगाधरी शहर हाल पता अमर विहार कॉलोनी, जगाधरी शहर, जनपद यमुनानगर, हरियाणा का रहने वाला है।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर उत्तराखंड में कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। देहरादून

राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा से जुड़े कर्मचारी एक अक्टूबर को एनपीएस प्रणाली के विरोध में काला दिवस मनाएंगे। सभी कर्मचारी अपने कार्यस्थल पर काली पट्टी पहनकर कार्य करेंगे। आगामी दो अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक मोर्चा प्रदेशभर में सदस्यता अभियान चलाएगा। जबकि अक्टूबर अंतिम सप्ताह में दून में प्रदेश स्तरीय महारैली आयोजित की जाएगी। यह निर्णय रविवार को आयोजित प्रांतीय बैठक में लिया गया। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा उत्तराखंड की लोक निर्माण संघ भवन में बैठक आयोजित की गई। जिसमें मोर्चे की आगामी रणनीति पर चर्चा हुई। तय किया गया कि एक अक्टूबर को कर्मचारी इंटरनेट मीडिया पर अपना प्रोफाइल काला रखेंगे। रात 8 से 9 घर की लाइट बंद रखेंगे। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि कर्मचारियों को पुरानी पेंशन से कम कुछ भी मंजूर नहीं है। उत्तराखंड का कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष को और तेज करेगा। प्रदेश प्रभारी विक्रम रावत ने कहा कि मोर्चा प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाली के लिए व्यापक प्रयास कर रहा है। जिसका एकमात्र मिशन पुरानी पेंशन है। प्रांतीय महासचिव सीताराम पोखरियाल ने कहा कि मोर्चा आने वाले समय में पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन करेगा। पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संघ के संजय भाष्कर ने कहा कि मोर्चा ईमानदारी से पुरानी पेंशन बहाली कि लड़ाई लड़ रहा है।

## ज्वेलरी शोरूम से चार लाख रुपये का मांग टीका चुरा कर ले गई महिला

देहरादून। ज्वेलरी शोरूम में आई महिला कर्मचारियों को बातों में उलझाकर चार लाख रुपये का मांग टीका चोरी कर ले गई। सराफ को इसका पता सामान के मिलान के दौरान लगा। सीसीटीवी कैमरे में देखा तो पता चला कि महिला मांग टीके को साड़ी में छिपाकर ले गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ढ्घटना राजपुर रोड स्थित कपूर ज्वेलर्स के शोरूम में हुई। इसके मालिक शशि कपूर ने पुलिस को बताया कि गत 23 सितंबर को उनके शोरूम में एक महिला और पुरुष आए थे। शोरूम के कर्मचारी उन्हें जेवरात दिखा रहे थे। इसी बीच उन्होंने सोने का मांग टीका दिखाने के लिए कहा। एक ट्रे में उनके सामने कई मांग टीके रखे गए। इसमें उन्हें 47.350 ग्राम का मांग टीका पसंद आ गया।

## नाबालिग छात्रा से अश्लील हरकत करने का आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। सहसपुर थाना पुलिस ने नाबालिग छात्रा से अश्लील हरकत करने और उसे धमकाने के आरोप में दूसरे समुदाय के युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को सोमवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। 28 सितंबर को क्षेत्र के एक व्यक्ति ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी थी। उसने बताया था कि उनकी 16 वर्षीया बेटी कक्षा 11 में पढ़ती है। एक युवक उनकी बेटी को डरा धमकाकर बाइक पर बैठाकर अपने साथ ले गया। आरोपी ने उसके साथ अश्लील हरकत की। किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। वरिष्ठ उपनिरीक्षक शिशुपाल सिंह राणा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। एसएसपी ने आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे।

## सलाखों के पीछे पहुंचा अरबों रुपये की धोखाधड़ी करने वाला गिरोह, कई राज्यों की पुलिस को थी तलाश



जन एक्सप्रेस। देहरादून

उत्तराखंड सहित हरियाणा, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में जमीन के नाम पर अरबों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले अमरीक गैंग का दून पुलिस ने सफाया कर दिया है। गिरोह के सभी आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। रविवार को राजपुर थाना पुलिस ने अंतिम 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी को मोहंड के निकट से गिरफ्तार किया। आरोपी पर कुर्की की कार्रवाई भी चल रही थी और पुलिस ने उसके यमुनानगर हरियाणा में घर के बाहर तीन दिन से जेसीबी खड़ी की हुई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि गिरोह के सदस्य संजीव कुमार व संजय गुप्ता ने राजपुर निवासी गोविंद सिंह पुंडीर से जमीन खरीदने के एवज में करोड़ों रुपये हड़प लिए थे। इस मामले में राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ तो आरोपी फरार हो गए।

# स्पा सेंटर में काला धंधा: राजधानी दून में चल रहा था देह व्यापार, महिला समेत चार गिरफ्तार, पांच पीड़िताएं मुक्त

जन एक्सप्रेस। देहरादून



स्पा सेंटर पर चल रहे देह व्यापार का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। सेंटर से एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि, पांच पीड़िताओं को मौके से मुक्त कराया गया है। इस दौरान पुलिस ने कुछ स्पा सेंटर को चेतावनी भी दी है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने रविवार को शहर के 70 स्पा सेंटरों पर छापा मारा। पूर्व में दिए गए दिशा निर्देशों के संबंध में उनके दस्तावेज आदि चेक किए। इस दौरान सीसीटीवी कैमरे, आने आने वाले ग्राहकों का विवरण और कर्मचारियों के सत्यापन के संबंध में भी पूछताछ की गई। इस कार्रवाई में पुलिस एक्ट में 29 चालान किए गए, जिनसे 10 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। कुल 26 स्पा सेंटरों का पुलिस एक्ट में चालान भी किया गया।इस कार्रवाई में पटेलनगर मंडी क्षेत्र के पास लाइन वुड स्पा सेंटर में भी छापा मारा गया। यहां तीन पुरुष और तीन महिलाएं आपत्तिजनक हालत में मिले। इसके बाद स्पा संचालिका समेत चार लोगों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया। इसके साथ पांच पीड़िताओं को वहां से मुक्त कराया गया। गिरफ्तार आरोपियों के नाम शोभा रानी निवासी कांवली रोड, विजय कुमार गुरुंग निवासी क्लेमेंटटाउन, मोहम्मद शादाब निवासी गंदेवाड़ा, सहारनपुर और मोहम्मद अमजद निवासी छुटमलपुर सहारनपुर हैं। सभी को सोमवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# प्रदेश में बीते वर्ष पहुंचे छह करोड़ पर्यटक व श्रद्धालु, गढ़वाल मंडल में अधिक रही संख्या

* कुमाऊं की तुलना में गढ़वाल मंडल में पर्यटकों की संख्या अधिक दर्ज की गई। पर्यटन और तीर्थाटन उत्तराखंड के अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानी जाती है।

जन एक्सप्रेस। देहरादून



उत्तराखंड में हर साल पर्यटकों और चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। पर्यटन विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, बीते वर्ष प्रदेश में 5.96 करोड़ पर्यटक व श्रद्धालु उत्तराखंड आए।

कुमाऊं की तुलना में गढ़वाल मंडल में पर्यटकों की संख्या अधिक दर्ज की गई। पर्यटन और तीर्थाटन उत्तराखंड के अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानी जाती है। चारधाम यात्रा में केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या हर साल बढ़ रही है। पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, 2023-24 में चारधाम यात्रा में 56 लाख श्रद्धालुओं में दर्शन किए। इस साल यह आंकड़ों अब तक 35 लाख पहुंच गया है। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार, बीते वर्ष प्रदेश में कुल 5.96 करोड़ पर्यटक आए। इसमें गढ़वाल मंडल में 5.39 करोड़ और कुमाऊं मंडल में 57 लाख पर्यटक पहुंचे।
पर्यटकों की संख्या अधिक होने से गढ़वाल मंडल में कारोबार बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों को भी पर्यटन से रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। देहरादून में हर साल 86 लाख पर्यटक आते हैं, जबकि टिहरी में 37 लाख, हरिद्वार में 3.70 करोड़, रुद्रप्रयाग में 23 लाख, चमोली में 28 लाख, उत्तरकाशी में 16 लाख पर्यटक पहुंचते हैं। नैनीताल 12.90 लाख, अल्मोड़ा में 3.63 लाख, पिथौरागढ़ में 1.27 लाख, बागेश्वर 82 हजार, चंपावत 2.27 लाख, ऊधमसिंह नगर में 2.50 लाख पर्यटक पहुंचते हैं।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# इजराइल का लक्ष्य ईरान को युद्ध में लपेटना है

**इन दिनों चुनाव का माहौल गरमाया हुआ है, डेमोक्रेट जो बाइडन हों या रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप, यहूदियों की अनदेखी नहीं कर पा रहे हैं। एक दिन पहले ही राष्ट्रपति बाइडन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के शुभारंभ पर अपने अंतिम संबोधन में दलील दी थी, 'हमास सभी बंधक छोड़े फिर गाजा पट्टी से मुँह मोड़ कर चल दे, इससे युद्ध विराम और शांति का मार्ग प्रशस्त होगा।' ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप चुनाव में विजयी होते हैं तो नि:संदेह खाड़ी में युद्ध विकराल रूप लेगा।**

*वैश्विक तनाव, रूस-यूक्रेन, इजराइल-हमास, सूडान गृहयुद्ध, दो अरब की भुखमरी और पर्यावरण असंतुलन की मार से संयुक्त राष्ट्रसंघ इन दिनों कैमरे में बंद है, इसके संरक्षक, मुखिया और चाहने वाले हाल-बेहाल हैं। 'यूक्रेन-रूस' युद्ध पर पश्चिमी तंज पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इतने क्रुद्ध हैं कि उनके राजनयिक प्रतिनिधि ने सुरक्षा परिषद में धमकी दे डाली कि 'इस परम्परागत युद्ध में एक ने भी लंबी दूरी के प्रेक्षापास्त्र का प्रयोग किया तो उसके परिणाम घातक होंगे।' इधर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहु ने संयुक्त राष्ट्र में कड़े तेवर अपनाते हुए युद्ध विराम को नकारा और अपने कमांडरों का आह्वान किया कि युद्ध की गति को बढ़ा दें। इसके एक दिन पहले संयुक्त राष्ट्र में इस्लामिक देशों ने दो तिहाई देशों के साथ मिलकर इजराइल पर दबाव बनाने की पहल की थी। इसका त्वरित असर यह हुआ कि इजराइली वायुसेना ने चंद घंटों बाद लेबनान के दक्षिण में ईरान के 'छद्म फ़्रंट' हेज़्बुल्लाह ठिकानों को निशाना बना कर पाँच सौ से अधिक फ्रंट समर्थकों को ढेर कर दिया और हजारों को घायल कर दिया। इसके चंद दिन पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संयुक्त राष्ट्र में 'युद्ध नहीं, शांति' और विश्व बंधुत्व के संदेश की अनसुनी कर डाली। इज़राइल और फ़िलिस्तीन के दशकों से चले आ रहे ख़ूनी संघर्ष में भारत 'दो राष्ट्र सिद्धांत' को प्रश्रय देता आया है। इसके बावजूद अमेरिकी कंधे पर सवार इजराइल के कमांडो ने घने अंधेरे में हेलीकॉप्टर से उड़ान भरते हुए शुक्रवार को सीरिया के उत्तर पश्चिम में आधुनिकतम प्रेक्षापास्त्र शोध केंद्र' को ध्वस्त किया है, एक चौंकाने वाली घटना है। यही नहीं, शनिवार रात इजराइल ने हिज्बुल्लाह के मुखिया हसन नसरुल्लाह को मार गिराने में बड़ी सफलता हासिल की है। हेज्बुल्लाह के बड़े कमांडरों में अब गिनती के कमांडर रह गये हैं। ग्लोबल फ़ायरपावर इंडेक्स की माने तो इजराइल और ईरान असल में बराबरी की टक्कर में हैं। ईरान 14वें नंबर पर है तो इजराइल 17वें पायदान पर है। ईरान के पास 551 तो इजराइल के पास 612 विमान हैं। ईरान के पास 186 लड़ाकू विमान हैं तो इजराइल के पास 241 लड़ाकू विमान हैं। टैंकों की स्थिति में ईरान आगे है। इजराइल का लक्ष्य ईरान क्यों है? न्यूयॉर्क टाइम्स की मानें तो यह सीरियाई केंद्र ईरान की मदद से हिज्बुल्लाह संचालित कर रहा था। रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि इजराइल का लक्ष्य सीधे-सीधे ईरान को युद्ध में लपेटना है। ऐसा अगले चंद दिनों में संभव है। यहाँ हमास के हमसफ़र हिज्बुल्लाह ने इजराइल के उत्तरी सीमावर्ती क्षेत्र में एक साथ सैकड़ों रॉकेट लांचर से हमला किया, इजराइली आयरन डोम से हमला विफल हो गया, प्रशासन को आनन-फानन में अपने करीब पच्चास हजार यहूदियों को सुरक्षित क्षेत्र में पुनर्वासित करना पड़ा। अब इजराइली पैदल सेना गाजा पट्टी की तरह लेबनान में घुसेगी और भयंकर तबाही मचेगी तो यह युद्ध विकराल रूप लेता हुआ दिनों नहीं, महीनों और वर्षों तक चलेगा। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट है कि ईरान के राष्ट्रपति डाक्टर मसूद पेजेशकियन ने संयुक्त राष्ट्र में अपने उद्बोधन में पश्चमी देशों के प्रतिबंधों से मुक्ति और मित्रता का हाथ बढ़ाए जाने की घोषणा जरूर की है, उसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि ईरान के साये में पल रहे हिज्बुल्लाह, हमास और हैती संगठनों से निजात पाना संभव नहीं है। गत जुलाई में सत्तारूढ़ डॉक्टर पेजेशकियन ने यह भी कहा है, 'हिज्बुल्लाह अकेले दम इजराइल से टक्कर लेने की स्थिति में नहीं है।' यह भी एक सच्चाई है, अमेरिका में लाखों यहूदी व्यवसायी हैं, टेक्नोक्रेट और अधिकारी हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**आज सवाल पूरे समाज से है है कि मातृ देवो भव:, पितृ देवो भव: वाली परंपरा में मां-बाप वृद्धाश्रमों में रहने को मजबूर क्यों है? वृद्धाश्रम में इस बोझ बनती ज़िन्दगी से आखिर मुक्ति कब मिलेगी, वृद्धाश्रम रूपी बंद पिंजरे से आजादी कब मिलेगी। किसी अपने की राह तकती इन बूढ़ी आंखों का इंतजार कब खत्म होगा? आज हजारों मां- बाप वृद्धाश्रम में अपनों के आने की राह तक रहे है कि काश उनका अपना बच्चा उन्हे इस बंद पिंजरे से आजाद कराके घर ले जाएगा. कितनी मांएं और पिता इस इंतज़ार में दम तोड़ चुके हैं और कितनों की आंखें इंतज़ार में पथरा गयी हैं. आखिर क्यूं इनके अपने यहां पल पल मरने को छोड़ जाते हैं।**




डॉ. श्याम सिंह

**जिन्हें हमने घर से बाहर धकेलकर वृद्धाश्रमों में पटक दिया है। बड़े-बुजुर्ग परिवार की शान होते वो कोई कूड़ा-करकट नहीं हैं, जिसे परिवार से बाहर निकाल फेंका जाए। अपने प्यार से रिश्तों को सींचने वाले इन बुजुर्गों को भी बच्चों से प्यार व सम्मान चाहिए, अपमान व तिरस्कार नहीं। अपने बच्चों की खातिर अपना जीवन दाँव पर लगा चुके इन बुजुर्ग मां-बाप को अब अपनों के प्यार की जरूरत है। यदि हम इन्हें सम्मान व अपने परिवार में स्थान देंगे तो शायद वृद्धाश्रम की अवधारणा ही इस समाज से समाप्त हो जाएगी।**

# वृद्धाश्रम सनातन संस्कृति का हिस्सा नहीं

भारत में प्राचीन काल से ही वृद्धजनों को आदर एवं सम्मान की दृष्टि से देखा जाता रहा है। हमारी संस्कृति में बुजुर्गों को ईश्वर के समतुल्य माना गया है और मातृदेवो भव- पितृदेवो भव- की परंपरा सर्वत्र व्याप्त रही है। इसके साथ ही वृद्धजनों की आवश्यकताओं की पूर्ति एवं समस्याओं का समाधान भारतीय संयुक्त परिवार में होता रहा है। संयुक्त परिवार प्राचीन काल से ही हमारे बड़े-बुजुर्गों का आश्रय स्थल रहे हैं और घर का मुखिया घर का सबसे वयोवृद्ध व्यक्ति ही होता है। समाज में इसका प्रचलन सहस्त्रों वर्षों से चला आ रहा है। परिवार में सभी निर्णय घर के मुखिया द्वारा ही लिए जाते थे तथा परिवार के समस्त कार्य मुखिया की राय मशविरा से ही संपन्न होते थे। संयुक्त परिवारों में परस्पर प्रेम एवं सहयोग की भावना होती थी तथा सभी सदस्य मिलजुलकर रहते थे। परिवार के बाह्य एवं आंतरिक सभी कार्यों में बुजुर्गों के अनुभव को तरजीह दी जाती थी तथा वृद्धावस्था को अनुभव की पूंजी माना जाता था। इसकी ऐतिहासिकता को देखें तो ज्ञात होता है कि परिवार की इस जीवन शैली को भगवान शिव के गृहस्थ जीवन से हम लोगों ने अपनाया है। भगवान शिव का परिवार विरोधी प्रवृत्तियों वाले सदस्यों का परिवार है, जिसमें मानव- दानव, पशु-पक्षी, कीट-पतंग सभी हैं। उनमें यदि सिंह है तो बैल भी हैं, मोर है तो सर्प है, सर्प है तो चूहा है। ये सभी परस्पर विरोधात्मक प्रवृत्तियों वाले होते हुए भी भगवान शिव के तपोबल से प्रभावित होकर एक- दूसरे के प्रति स्नेहभाव रखते हैं। संयुक्त परिवार की यह मूल्यवान परंपरा हमें त्याग और परोपकार की शिक्षा देती है। इस प्रकार संयुक्त परिवारों में बुजुर्गों की स्थिति सम्मानजनक थी। परंतु वर्तमान समय में औद्योगीकरण एवं नगरीकरण के कारण इस देश में संयुक्त परिवार का धीरे-धीरे विघटन हो रहा है तथा उसके स्थान पर एकाकी परिवार का वर्चस्व बढ़ रहा है। इसके साथ व्यक्तिवादी, भौतिकवादी एवं सुखवादी मूल्यों के बढ़ने के कारण वृद्धों की उपेक्षा की जाने लगी है। आज भारत में टूटते परिवारों के परिणामस्वरूप वृद्धाश्रमों की अवधारणा का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है और घर के बड़े-बुजुर्गों को घर के बजाय वृद्धाश्रमों में रहने की आवश्यकता पड़ रही है। आये दिन हम समाचार पत्रों में बच्चों द्वारा माँ-बाप को वृद्धाश्रम में छोड़ने की घटनायें देखते हैं। हमारे आसपास भी ऐसी घटनायें रोज घटित होती हैं। जैसे-जैसे हम विकास की दौड़ में हम आगे निकल रहे हैं, वैसे-वैसे हमारे मूल्यों, संस्कृतियों और परंपराओं में तेजी से बदलाव आ रहे हैं और इस बदलाव के क्रम में हमारे वृद्धजन पीछे छूट रहे हैं। सामाजिक एवं सांस्कृतिक विघटन के कारण युवाओं एवं बुजुर्गों के बीच पीढ़ीगत अंतर (त्नद्गठ्ठद्गह्म्ड्डह्लद्बश्ठ त्नड्डश्च) बढ़ रहा है। बेटे-बहू का वृद्ध माता-पिता/सास-श्वसुर से वैचारिक मतभेद अधिक बढ़ रहा है। ऐसे में वृद्धजनों में तनाव व असंतोष की दर बढ़ रही है। वृद्धाश्रम की अवधारणा पाश्चात्य



**आज देश के तमाम वृद्धाश्रमों में रहने वाले हर उस मां-बाप के चेहरे पर पड़ी इन झुर्रियों में जिंदगी की अलग-अलग पड़ाव की कई कहानियां दर्ज हैं लेकिन ये कहानियां अभी खत्म नहीं हुई हैं, लिखी जा रही हैं, दर्द की, तड़प की, अकेलेपन की, जो गहराती झुर्रियों के साथ और गहराती जा रही हैं।**

संस्कृति की देन है न कि भारतीय। वृद्धाश्रम सनातन संस्कृति का हिस्सा नहीं हैं और न ही इसकी कल्पना कभी की गई है। हमारे सामाजिक संगठन के मुख्य आधार रहे संयुक्त परिवार ही बड़े-बुजुर्गों के आश्रय स्थल हैं। हमारी भारतीय संस्कृति तो इतनी समृद्धिशाली और गौरवपूर्ण हैं कि यहां बुजुर्गों के जीवित रहने तक तो उनका मान-सम्मान, आदर सत्कार तो रहता ही है साथ ही उनके मरणोपरांत भी हम अपने पितरों का तर्पण और श्राद्ध करते हैं, उन्हें सम्मान देते हैं तथा उनकी पूजा करते हैं। विश्व की अन्य संस्कृतियों में ऐसी पितृ पक्ष की परंपरा नहीं मिलती है। सामान्यतः वृद्धाश्रम वृद्धजनों के रहने का एक ऐसा वैकल्पिक स्थान है, जहां वे एक साथ मिलकर रह सकें तथा अपने विचारों एवं मनोभावों को एक-दूसरे से साझा कर सके। भारत में वृद्धाश्रम की आधिकारिक परिभाषा की बात करें तो वृद्धाश्रम से तात्पर्य एक ऐसे वैकल्पिक स्थान से है जहां 60 वर्ष एवं 60 से अधिक आयु वर्ग के स्त्री-पुरुष निवास करते हैं तथा जिसकी स्थापना माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत की गई हो। भारत में वृद्धजनों की संस्थागत देखभाल की दिशा में सर्वप्रथम प्रयास 1840 में किया गया, जब बैंग्लोर की फ्रेंड इन नीड सोसायटी ने वृद्धों और निस्सहाय व्यक्तियों के लिए सेवाएं आयोजित की। इसके बाद 1865 में डेविड सैसन आसइलम पूना खोला गया, जहां वृद्धों के लिए भोजन, आवास और कपड़ों की व्यवस्था की गई। लिटिल सिस्टर्स ऑफ कलकत्ता ने 1882 में इस क्षेत्र में कार्य आरंभ किया तथा वृद्धों को आवश्यक जीवन-यापन एवं उपचार के साधन प्रदान किए। इस समय देश के बड़े-बड़े नगरों में वृद्ध एवं अशक्त व्यक्तियों के लिए आश्रम खोले गए हैं जिनमें परिवार सहित अथवा परिवार से दुखी वृद्ध एवं अशक्त व्यक्ति रहते हैं। इसी क्रम में केरल के त्रिशूर में देश का पहला वृद्धाश्रम 1911 में बना था। इसे कोचीन के राजा ने बनवाया था और इसे राजा वर्मा वृद्धाश्रम कहा जाता था। केरल में देश के बाकी हिस्सों की तुलना में बुजुर्गों की संख्या तेज़ी से बढ़ रही है। कुल आबादी में बुजुर्गों की संख्या लगभग 14 प्रतिशत है। भारत का सबसे अच्छा वृद्धाश्रम ग्रेस्कलैंड, कोच्चि में ही स्थिति है। ग्रेस्कलैंड फ़ाउंडेशन भारत में एक वरिष्ठ नागरिक घर है, जो केरल के कोच्चि के मुलंथुरुथी में 3.5 एकड़ के खूबसूरत इलाके में अपार्टमेंट एवं विला प्रदान करता है। वृद्धाश्रमों के विषय में 'टेक्निकल ग्रुप ऑन पॉपुलेशन प्रॉजेक्शन फॉर इंडिया रिपोर्ट, 2022' की माने तो वर्तमान समय में देश के लगभग 250 जिलों में 400 से अधिक वृद्धाश्रम संचालित हैं। इनमें सरकारों ने भी तेजी इसलिए दिखाई है, क्योंकि भारत में बुजुर्गों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। वर्तमान समय में देश में बुजुर्गों की कुल जनसंख्या 14 करोड़ के करीब है। भारत में 2016 में लगभग 500 वृद्धाश्रम पंजीकृत थे, जो वर्तमान बढ़कर 778 हो गए हैं, जिनमें सर्वाधिक वृद्धाश्रम केरल राज्य में हैं। इस प्रकार भारत में राज्यवार वृद्धाश्रमों में केरल 182 के साथ प्रथम नंबर पर है, जबकि पश्चिम बंगाल 164 के साथ दूसरे नंबर पर है। इनके बाद तमिलनाडु 151 महाराष्ट्र 133, आंध्र प्रदेश 114, कर्नाटक 91 और गुजरात में 77 वृद्धाश्रम हैं। दुनिया देख चुके अपने बड़े-बुजुर्गों को दरकिनार कर आजकल के युवा बेटे अपनी नई सोच से अपनी जिंदगी को सँवारना चाहते है। उनकी आजादी में रोक-टोक करने वाले बड़े-बुजुर्ग उन्हें नापसंद है। यही कारण है कि वे उन्हें अपने परिवार में देखना ही पसंद नहीं करते है। युवा पीढ़ी की इस सोच के अनुसार बड़े-बुजुर्गों की जगह घर में नहीं बल्कि वृद्धाश्रमों में है। वहाँ उन्हें उनकी सोच के व हमउम्र लोग मिल जाएँगे, जो उनकी बातों को सुनेंगे और समझेंगे। वहाँ वे खुश रह सकते हैं परंतु ऐसा सोचने वाले युवाओं को क्या पता है कि हर माँ-बाप की खुशी अपने परिवार में और अपने बच्चों में होती है. उनसे दूर रहकर भला वो खुश कैसे रह सकते हैं? वृद्धाश्रम का नाम सुनने में भले ही अच्छा लगे किंतु यहाँ भी जीवन में सन्नाटे पसरा हुआ है। यहाँ हर तरफ सन्नाटा है, उस तूफान के कारण, जो यहाँ रहने वालों की जिंदगी में भूचाल बनकर आया था और उन्हें अपनों से दूर कर गया। यहाँ की सुनसान रातों में भी अपनों से बिछुड़ने के दर्द की सिसकियाँ सुनाई पड़ती हैं। यहाँ के हर हँसते चेहरे की पीछे दर्द में डूबा एक भावुक इंसान छिपा है, जो प्यार का स्पर्श पाने मात्र से ही आँसू के रूप में छलक उठता है। अपनी जिंदगी की हर एक घड़ी में अपनों को याद करने वाले ये बुजुर्ग मां-बाप कोई पराये नहीं बल्कि हमारे अपने हैं।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | त्रयोदशी 19:08 तक |
| नक्षत्र: | पूर्व फाल्गुनी |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | सोमवार |
| योग: | शुभा, 25:09 |
| सूर्योदय: | 06:17 |
| सूर्यास्त: | 18:04 |
| चंद्रमा: | सिंह राशि में |
| राहुकाल: | 07:45-09:14 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1946 |
| मास: | आश्विन |
| शुभ मुहूर्त: | 11:47-12:34 |

## जन एक्सप्रेस

### दिन बचे कुछ शेष !

*ना बख्शेंगे किसी को ।*
*बनी यदि सरकार ।।*
*दिन बचे कुछ शेष ।*
*है रहना तैयार ।।*
*कुछ दिन की मनमानी ।*
*चाहे जो कर डालो ।।*
*हमको ही है लौटना ।*
*खुद को अब संभालो ।।*
*सबका हमको ध्यान ।*
*भूल नहीं ये जाना ।।*
*करके रहेंगे पेश कुछ ।*
*अलग अब नज़राना ।।*
*भले बचा ना पाए ।*
*अपनी हम सरकार ।।*
*लेकिन कूद लगाने को ।*
*हो रहे तैयार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय


## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# झड़ते बालों की समस्या रोकने के लिए किए जा सकते हैं 5 हेयर ट्रीटमेंट

**आज** के समय में बालों का झड़ना और टूटना एक आम समस्या बन गया है। महिलाओं से लेकर पुरुष हर कोई हेयर फॉल के कारण परेशान है। रोजाना हल्के बाल टूटना आम होता है, लेकिन जरूरत से ज्यादा बाल टूटने लगे तो ये चिंता का कारण बन सकता है। बाल झड़ने के कई कारण हो सकते हैं। बहुत अधिक तना लेना, गलत खानपान, हार्मोनल असंतुलन और सही हेयर केयर रूटीन फॉलो न करने जैसी आदतें बालों को कमजोर करके उनके टूटने का कारण बनता है, जिससे बचाव के लिए व्यक्ति कई तरह के घरेलू नुस्खा और हेयर ट्रीटमेंट भी करवाते हैं।

**हेयर बूस्टर:** हेयर बूस्टर ट्रीटमेंट में आमतौर पर पोषक तत्व से भरपूर इंजेक्शन शामिल होते है, जो स्कैल्प को जरूरी विटामिन, मिनरल्स और अमीनो एसिड देने में मदद करते हैं, जिससे बालों की ग्रोथ अच्छी होती है और हेयर फॉल की समस्या कम होती है।

**प्लेटलेट-रिच प्लाज़्मा थेरेपी:** थेरेपी में मरीज के ब्लड की थोड़ी मात्रा लेकर, प्लेटलेट्स को बढ़ावा देने के लिए प्लाज्मा को स्कैल्प में इंजेक्ट करना शामिल है। बालों के पोर्स को मजबूत करने और बालों के विकास को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है।



**ग्रोथ फैक्टर कंसंट्रेट ट्रीटमेंट:** थेरेपी का एक बेहतर वर्जन है, जिसमें बालों को तेजी से बढ़ने के लिए ब्लड से निकाले गए संकेंद्रित ग्रोथ फैक्टर का उपयोग किया जाता है। यह बालों के विकास को बढ़ावा देने में मदद करते हैं।

**ओरल दवाइयां:** फिनैस्टराइड, एक सामान्य दवा जो टेस्टोस्टेरोन को बदलने से रोककर बालों के झड़ने की समस्या को रोकती है, जो बालों के पतले होने से जुड़ा एक हार्मोन है। जबकि बायोटिन और मल्टीविटामिन, पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो आयरन और जिंक जैसे जरूरी विटामिन देकर आपके बालों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है।

**टॉपिकल मेडिटेशन:** मिनोक्सिडिल, एक मशहूर टॉपिकल इलाज है, जो बालों के पोर्स में ब्लड प्लो को बढ़ाता है और बालों के दोबारा बढ़ाने में मदद करता है।

इन हेयर ट्रीटमेंट्स की मदद से आपके बालों के झड़ने, टूटने और ग्रोथ कम होने जैसी समस्याओं को कम करने में मदद कर सकता है, साथ ही बालों के स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देता है। लेकिन किसी भी तरह का ट्रीटमेंट लेने से पहले आप किसी हेयर स्पेशलिस्ट से कंसल्ट जरूर करें।

## एक्सप्रेस विशेष



-डॉ. सत्यवान सौरभ

**सख्त रिपोर्टिंग दायित्वों को अनिवार्य कर, यह निर्णय बच्चों की सुरक्षा में समाज की भूमिका को मजबूत करता है। इस तरह के न्यायिक मध्यक्षेप बाल अधिकारों को मजबूत करने और सुभेद्य व्यक्तियों के लिए एक सुरक्षित, अधिक जिम्मेदार समाज सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण हैं।**

# केवल कानून से नहीं रुकेगा बाल यौन शोषण

**हाल** ही में सुप्रीम कोर्ट ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी के खिलाफ कानूनों को मजबूत करते हुए ऐतिहासिक निर्णय दिया है। जिसके अनुसार ऐसी आपतिजनक सामग्री देखना, रखना यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत दंडनीय है, भले ही सामग्री शेयर न की गई हो। यह निर्णय बाल शोषण को संबोधित करने और बच्चों के अधिकारों के संरक्षण में व्यक्तियों की जवाबदेही को व्यापक बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम को दर्शाता है। सुप्रीम कोर्ट ने संसद को सुझाव दिया कि वह यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम में संशोधन करके चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द के स्थान पर बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री का प्रयोग करे। बाल शोषण और शोषण की भयावह वास्तविकताओं से जूझ रहे समाज में यह फैसला न केवल मद्रास उच्च न्यायालय के विवादास्पद फैसले को पलटता है, बल्कि संभावित अपराधियों के लिए एक मज़बूत निवारक के रूप में भी काम करता है। बाल यौन शोषण एक व्यापक मुद्दा है जिसे शून्य सहनशीलता के साथ निपटाया जाना चाहिए। यह निर्णय ऐसी सामग्री के मात्र कब्जे को बाल शोषण की बड़ी समस्या के हिस्से के रूप में मान्यता देता है। बाल पोर्नोग्राफ़ी सिर्फ़ एक अलग, निजी अपराध नहीं है,

**ऐसे अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए इन विकासों के साथ तालमेल रखना चाहिए। न्यायिक निर्णय बच्चों की सुरक्षा में सामाजिक भूमिका पर जोर देते हैं तथा यह सुनिश्चित करते हैं कि समाज को ऐसे कृत्यों पर कार्रवाई करने में विफल रहने के लिए जवाबदेह ठहराए जाएँ। भविष्य के बाल संरक्षण कानूनों के लिए इस तरह के न्यायिक मध्यक्षेप महत्त्वपूर्ण मिसाल कायम करते हैं।**

बल्कि दुर्व्यवहार के एक वैश्विक नेटवर्क में योगदान देता है, जहाँ पीड़ितों- अक्सर कमज़ोर बच्चों- का शोषणकारी सामग्रियों के संचलन और उपभोग के माध्यम से बार-बार उल्लंघन किया जाता है। उच्चतम न्यायालय के निर्णय ने धारा 15 का विस्तार किया है, जो अब चाइल्ड पोर्नोग्राफ़ी को देखने या रखने पर भी सजा का प्रावधान करता है। पूर्व में यह केवल चाइल्ड पोर्नोग्राफी शेयर करने पर दंड का प्रावधान था। वर्ष 2019 के संशोधन में केवल चाइल्ड पोर्नोग्राफी को प्रसारित या प्रदर्शित करने के इरादे से संग्रहीत करने पर दंड की शुरुआत की गई। न्यायालय ने रचनात्मक आधिपत्य को शामिल करने के लिए आधिपत्य की परिभाषा को व्यापक बनाया, जिसमें व्यक्तियों को ऐसी सामग्री को डाउनलोड किए बिना केवल देखने के लिए भी उत्तरदायी ठहराया गया। कोई व्यक्ति बिना स्टोर किए ऑनलाइन चाइल्ड पोर्नोग्राफिक वीडियो देखता है, तो भी उसे अपराध के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि धारा 15 में छोटे अपराध भी शामिल हैं, जिसमें चाइल्ड पोर्नोग्राफी को संग्रहीत करने या देखने जैसी गतिविधियों को बड़े अपराध करने की प्रारंभिक अवस्था के रूप में माना जाता है। पोर्नोग्राफी देखने की सूचना न देना भी अब दंडनीय अपराध माना जाता है। सर्वोच्च न्यायालय ने भारत के कानूनों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाते हुए 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी' का नाम बदलकर बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री करने का सुझाव दिया। इस निर्णय में यह अनिवार्य किया गया है कि व्यक्तियों को चाइल्ड पोर्नोग्राफी के किसी भी मामले की रिपोर्ट करनी होगी, जिससे जवाबदेही केवल उन लोगों तक ही सीमित नहीं रह जाएगी जो सामग्री को शेयर या संग्रहीत करते हैं। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को ऑनलाइन देखना भी अपराध है, जिससे बाल शोषण के खिलाफ डिजिटल सुरक्षा उपायों को मजबूती मिली है। इस निर्णय में कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा (इरादे) की गहन जाँच करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक मामले की गंभीरता की पूरी तरह से जाँच की गई है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले जैसे न्यायिक हस्तक्षेप जवाबदेही को बढ़ाते हैं तथा यह सुनिश्चित करते हैं कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी के निष्क्रिय उपभोग को भी दंडित किया जाए। बाल संरक्षण से संबंधित कानूनी परिभाषाओं को मानकीकृत करने में न्यायालय महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जैसे कि 'चाइल्ड पोर्नोग्राफ़ी' में बदलाव की सिफारिश करना। यह परिवर्तन सुनिश्चित करता है कि कानून, बाल यौन शोषण की गंभीरता को प्रतिबिंबित करता है। चाइल्ड पोर्नोग्राफी की रिपोर्टिंग को अनिवार्य बनाकर, न्यायिक हस्तक्षेप बच्चों को दुर्व्यवहार से बचाने की समाज की जिम्मेदारी को मजबूत करता है। न्यायिक हस्तक्षेप ,भारत के कानूनी ढाँचे को अंतरराष्ट्रीय मान वली में बदलाव की सिफारिशें वैश्विक बाल संरक्षण मानदंडों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। बाल यौन शोषण से निपटने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है- जिसमें न केवल सख्त कानूनी प्रावधान शामिल हों बल्कि सामाजिक जागरूकता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी शामिल हो।

# भारत-कजाकिस्तान का संयुक्त सैन्य अभ्यास उत्तराखंड के औली में शुरू होंगी ये गतिविधियां

जन एक्सप्रेस । संवाददाता



**ज्योर्तिमठ(चमोली)।** भारत-कजाकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास काजिंद- 2024 का आठवां संस्करण आज उत्तराखंड के औली में शुरू हो गया है। यह अभ्यास 13 अक्तूबर तक चलेगा। संयुक्त अभ्यास के उद्घाटन समारोह में कजाकिस्तान के कर्नल करिबयेव नुरलान सेरिकबायविच, कमांडर कन्टिन्जेन्ट और कर्नल योगेश उपाध्याय, कमांडर भारतीय कन्टिन्जेन्ट ने भाग लिया। काजिंद अभ्यास भारत और कजाकिस्तान में वैकल्पिक रूप से आयोजित एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है। अंतिम संस्करण जुलाई 2023 में कजाकिस्तान में आयोजित किया गया था। 120 कर्मियों वाली भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से पांचवी बटालियन कुमांऊ रेजिमेंट के अलावा भारतीय वायु सेना और सेना के अन्य आर्म्स और सर्विसेज के कर्मियों द्वारा किया जा रहा है। भारत और कजाकिस्तान के पर्यवेक्षक भी अभ्यास का हिस्सा बनेंगे। 60 कर्मियों वाली कजाकिस्तान की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से लैंड फोर्स, एयर डिफेंस फोर्सेज और एयरबोर्न असॉल्ट ट्रूप के कर्मियों द्वारा किया जाएगा। काजिंद अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र जनादेश के अध्याय सात के तहत आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है। संयुक्त अभ्यास अर्ध-शहरी और पहाड़ी इलाकों में संचालन पर केंद्रित होगा। अभ्यास के दौरान किए जाने वाले सामरिक प्रशिक्षण में एक परिभाषित क्षेत्र पर कब्जा करने की आतंकवादी कार्रवाई का जवाब देना, एक संयुक्त कमांड पोस्ट की स्थापना, एक खुफिया और निगरानी केंद्र की स्थापना, एक हेलीपैड लैंडिंग साइट की सुरक्षा, कॉम्बैट फ्री फॉल शामिल होंगे। स्पेशल हेलिबॉर्न ऑपरेशन, कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन के अलावा ड्रोन और काउंटर ड्रोन सिस्टम का उपयोग भी शामिल है यह अभ्यास दोनों पक्षों को संयुक्त अभियान चलाने की रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम करेगा। संयुक्त अभ्यास से दोनों देशों के सशस्त्र बलों के कर्मियों के बीच अंतर-संचालन और सौहार्द विकसित करने में मदद मिलेगी। इससे रक्षा सहयोग का स्तर भी बढ़ेगा, दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मदद मिलेगी।

## सीएम ने किया सात अक्तूबर को गढ़ भोज दिवस मनाने का आह्वान, इस तरह हुई थी अभियान की शुरूआत

देहरादून ।राज्य आंदोलन का सूत्र वाक्य रहा कोदा, झंगौरा, खाएंगे उत्तराखंड बनाएंगे, नारे को साकार करने के लिए द्वारिका प्रसाद सेमवाल के नेतृत्व में वर्ष 2000 से गढ़भोज अभियान शुरू किया गया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सात अक्तूबर को गढ़भोज दिवस के लिए वीडियो संदेश जारी किया, जिसके माध्यम से राज्य के स्कूलों, कॉलेज, विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, अस्पताल, होटल, रेस्टोरेंट, स्वैच्छिक संगठनों, स्वयं सहायता समूह के साथ देश-विदेश में रहने वाले प्रवासी एवं दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में भोजन के कारोबार, सेवा के कार्यों से जुड़े उत्तराखंडियों से गढ़ भोज दिवस मनाने का आह्वान किया है। बता दें कि राज्य बनने के बाद राज्य आंदोलन का सूत्र वाक्य रहा कोदा, झंगौरा, खाएंगे उत्तराखंड बनाएंगे, नारे को साकार करने के लिए द्वारिका प्रसाद सेमवाल के नेतृत्व में वर्ष 2000 से गढ़भोज अभियान शुरू किया गया। अभियान ने उत्तराखंड के परंपरागत भोजन को थाली और आर्थिकी का माध्यम बनाकर ।

### फास्ट फॉरवर्ड

## दो माह पहले चाकू से हमले में घायल पंकित की एम्स में मौत

देहरादून। दो माह पहले चाकू के हमले में घायल पंकित ने एम्म में दम तोड़ दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने गंगनहर कोतवाली का घेराव करे हुए पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। कहा कि पुलिस ने अभी तक सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। रुड़की गंगनहर कोतवाली के माधोपुर गांव निवासी पंकित की रविवार रात को एम्स ऋषिकेश में उपचार के दौरान मौत हो गई। पंकित और उसके साथ अंकित पर दो माह पहले रुड़की के सुनहरा मार्ग पर छह युवकों ने चाकू से हमला कर दिया था। इस हमले में पंकित और अंकित घायल हो गए थे। मामले में परिजनों की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई। पुलिस की ओर से छह अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई। मामले में दीप पटेल निवासी टोडा कल्याणपुर को गिरफ्तार किया था। पंकित की मौत के बाद सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण गंगनहर कोतवाली पहुंचे और कोतवाली का घेराव किया। उन्होंने आरोप लगाया कि दो माह से पुलिस का पूरा जोर अपराधियों को बचाने पर है। अभी तक सभी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। सूचना पाकर आसपास के थाना क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में ग्रामीण कोतवाली पहुंच गए हैं और कोतवाली में धरना शुरू कर दिया है। कोतवाल एश्वर्य पाल ने बताया कि कार्रवाई के आश्वासन के बाद लोगों को घर भेज दिया है। वहीं पंकित के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## देश का पहला हिम तेंदुआ संरक्षण केंद्र...सात माह में बस नींव ही तैयार, निर्माण नहीं पकड़ पा रहा गति

उत्तरकाशी । देश के पहले हिम तेंदुआ संरक्षण केंद्र का निर्माण गति नहीं पकड़ पा रहा है। सात माह में अभी तक केवल नींव ही खोदी जा सकी है। साल के पांच माह इस क्षेत्र में बर्फबारी के चलते निर्माण कार्य संभव नहीं है। ऐसे में यहां केंद्र का निर्माण पूरा होने में लंबा समय लगना तय है। गंगोत्री धाम के निकट लंका में प्रस्तावित देश के पहले हिम तेंदुआ संरक्षण केंद्र का निर्माण धीमी गति से चल रहा है। आलम ये है कि लंबे इंतजार के बाद इस साल मार्च माह में साइट डेवलपमेंट के साथ शुरू केंद्र निर्माण के लिए सात माह में बस नींव ही तैयार की जा सकी है। कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि तीनों काम एक साथ हों, इसलिए देरी हुई है। उन्होंने दो साल में केंद्र का निर्माण पूरा करने की बात कही। परियोजना के तहत उत्तरकाशी में देश का पहला हिम तेंदुआ संरक्षण केंद्र (एलएलसीसी) निर्माण की घोषणा वर्ष 2020 में हुई थी। इसके निर्माण की जिम्मेदारी ग्रामीण निर्माण विभाग को दी गई है, जिसने वर्ष 2020 में ही केंद्र निर्माण के लिए डिजाइन और ड्राइंग का काम पूरा कर लिया था। इसके साथ ही प्रस्तावित हिम तेंदुआ संरक्षण केंद्र व कैफेटेरिया के लिए 4.87 करोड़ और वन विभाग सुविधा भवन (एफडीए) के लिए 1.23 करोड़ की डीपीआर तैयार की। वन विभाग के सुविधा भवन के निर्माण के लिए 49 लाख की पहली किस्त जारी होने के बाद निविदा प्रक्रिया शुरू की गई। लेकिन इसके बाद निर्माण शुरू होने की बजाए लटक गया। इसी साल लंबे इंतजार के बाद गत मार्च माह में कार्यदायी संस्था ने साइट डेवलपमेंट काम शुरू किया। इससे केंद्र निर्माण कार्य के गति पकड़ने की उम्मीद बंधी थी। लेकिन आलम ये है कि सात माह में अभी तक केवल नींव ही खोदी जा सकी है। साल के पांच माह इस क्षेत्र में बर्फबारी के चलते निर्माण कार्य संभव नहीं है। ऐसे में यहां केंद्र का निर्माण पूरा होने में लंबा समय लगना तय है।

## हाईवे किनारे खुलेआम छलका रहे जाम...पुलिस ने 23 लोगों को हिरासत में लिया, दो नाबालिगों को भी पकड़ा

रुड़की। शहर में खुलेआम जाम छलका रहे लोगों के खिलाफ पुलिस ने सख्ती से अभियान चलाया। 23 लोगों को हिरासत में लेकर चालान किया गया। पुलिस ने शहर में खुलेआम जाम छलकाने वालों पर शिकंजा कसते हुए 23 लोगों का चालान कर दिया है। जबकि एक कार सवार को भी नशे की हालत में पकड़ा है। इसके अलावा दो नाबालिगों को वाहन चलाते हुए पकड़ा है। हालांकि, दोनों को चेतावनी देकर छोड़ दिया। शहर में गली से लेकर हाईवे किनारे खुलेआम जाम छलक रहे हैं। शाम ढलते ही सोलानी पार्क, गंगनहर किनारे, नगर निगम पुल, बोट क्लब, रोडवेज बस स्टैंड के पास, रुड़की टॉकीज, मलकपुर चुंगी के पास लोग सड़क किनारे खड़े होकर शराब और अन्य नशा करना शुरू कर देते हैं। यह नशे की हालत में आने जाने वाली महिलाओं, युवतियों और लोगों से अभद्रता करते हैं। इसकी शिकायत लोगों ने सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस से की थी। इस पर शनिवार की देर शाम पुलिस ने जगह-जगह अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 23 लोगों को हिरासत में ले लिया और चालान कर दिया। जबकि एक युवक को नशे की हालत में कार चलाते हिरासत में लिया और चालान कर दिया और कार सीज कर दी। इसके अलावा बाइक सवार दो नाबालिगों को पकड़ लिया और बाइक सीज कर दी। कोतवाली प्रभारी नरेंद्र बिष्ट ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर नशे का सेवन करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## राज्य विद्यालय मानक प्राधिकरण की स्थापना को नहीं मिली शासन की मंजूरी, जानें क्या है पूरा मामला

देहरादून । एससीईआरटी ने प्राधिकरण की स्थापना के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था। जो शासन की फाइलों में ही दबकर रह गया। प्रदेश के सरकारी और निजी विद्यालयों में शिक्षा में सुधार के लिए प्रस्तावित राज्य विद्यालय मानक प्राधिकरण की स्थापना को दो साल बाद भी शासन की मंजूरी नहीं मिली। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने शासन को वर्ष 2022 में इसका प्रस्ताव भेजा था। जिसे मंजूरी न मिलने से विद्यालयों के न्यूनतम मानक तय करने में परिषद एक कदम भी आगे नहीं बढ़ पाया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में सिफारिश की गई है कि सभी विद्यालयों में न्यूनतम व्यावसायिक एवं गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए राज्य एक स्वतंत्र राज्य व्यापी निकाय का गठन करेगा। राज्य विद्यालय मानक प्राधिकरण बुनियादी मानदंडों, सुरक्षा, बचाव, आधारभूत ढांचे, विद्यालयों में कक्षाओं और विषयों के आधार पर शिक्षकों की संख्या आदि।

# भराड़ीसैंण विधानसभा परिसर में विकसित होगा सेब बागान, पर्यटकों के लिए बनाए जाएंगे व्यू प्वाइंट

जन एक्सप्रेस । चमोली



दूधातोली शिखर पर स्थित उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी भराड़ीसैंण (गैरसैंण) आने वाले दिनों में बदली-बदली नजर आएगी। विधानसभा परिसर में सेब के बागान विकसित किए जा रहे हैं और परिसर को संरक्षित प्रजाति के बांज और बुरांस के पौधों से आच्छादित किया जा रहा है। पर्यटकों के लिए जगह-जगह व्यू प्वाइंट बनाए जा रहे हैं, जिससे वे दूर-दूर तक फैली हिमाच्छादित चोटियों और प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठा सकेंगे। देहरादून से करीब 250 किलोमीटर की दूरी पर भराड़ीसैंण विधानसभा स्थित है, जो गैरसैंण से करीब 14 किमी की दूरी पर है। राज्य आंदोलनकारियों की भावना के अनुरुप 4 मार्च 2020 को इस विधानसभा को पूरी तरह से पहाड़ी लुक दिया जा रहा है। 47 एकड़ क्षेत्र में फैले भराड़ीसैंण विधानसभा परिसर को विकसित किया जा रहा है। यहां पौधरोपण, व्यू प्वाइंट में ग्लास हाउस, 11 फीट की चहारदीवारी और फुलवारी विकसित की जा रही है। पहले चरण में विधानसभा परिसर के चारों ओर सेब, काफल, बांज, बुरांस, सुराईं आदि के 4000 से अधिक पौधे रोपे गए हैं। जो आगामी तीन साल में विकसित हो जाएंगे। विधानसभा के इंचार्ज शेखर पंत ने बताया कि भराड़ीसैंण विधानसभा परिसर चारों ओर से पर्वत श्रृंखलाओं के बीच में स्थित है। परिसर में सेब की पैदावार बढ़ाई जा रही है। साथ ही संरक्षित प्रजाति के बांज, बुरांस और सुराईं के पौधे रोपे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भराड़ीसैंण में देश-विदेश के पर्यटन सैर-सपाटे पर पहुंचते हैं। अप्रैल, मई और जून तथा विंटर सीजन अक्तूबर से मार्च माह तक यहां 250 से 300 तक पर्यटक घूमने के लिए आते हैं। विधानसभा परिसर में पर्यटकों की सुविधा के लिए ग्लास हाउस बनाए जा रहे हैं। भराड़ीसैंण विधानसभा को पूरी तरह से डिजिटल विधानसभा बनाया जा रहा है। विधानसभा में कार्य भी पेपरलेस होगा। राज्य विधानसभा की आईटी और वित्त विभाग की टीम भराड़ीसैंण का निरीक्षण कर चुकी है। विधानसभा में मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक व उच्च अधिकारियों के आवासों को इंटरनेट से जोड़ा जाएगा। विधानसभा सत्र के दौरान गढ़वाली व्यंजन व खाना बनाने की जिम्मेदारी स्थानीय स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दी जाती है। जिससे महिलाएं खुले आसमान के नीचे माननीयों को खाना परोसती हैं। कई बार मौसम खराब होने या बारिश होने पर उनकी खाद्य सामग्री बरबाद हो जाती है। विधानसभा की ओर से महिलाओं के लिए परिसर में ही आधुनिक टिनशेड का निर्माण किया जा रहा है, जिससे वे विपरीत मौसम में भी आसानी से खाना पका सकेंगी।

## हजारों सिम एक्टिवेट कर फिलीपींस भेजे, दो महिलाओं को नागपुर से पकड़ा, ठगी के लिए ऐसे की प्लानिंग

जन एक्सप्रेस । देहरादून

महिलाएं लोगों से आयुष्मान कार्ड बनवाने के नाम पर बायोमेट्रिक हासिल कर उनसे सिम कार्ड एक्टिवेट कराती थीं। फिलहाल, दोनों महिलाओं को जांच में सहयोग के लिए नोटिस दिया गया है। साइबर ठगी के लिए हजारों सिम एक्टिवेट कराकर फिलीपींस भेजने वाली दो महिलाओं को नागपुर महाराष्ट्र से पकड़ा गया है। साइबर थाना पुलिस 23 लाख रुपये की ठगी के एक मामले की पड़ताल करते हुए नागपुर तक पहुंची थी। इनमें से एक महिला का बेटा फिलीपींस में रहता है, जो कि साइबर अपराधियों के गिरोह से जुड़ा है। महिलाएं लोगों से आयुष्मान कार्ड बनवाने के नाम पर बायोमेट्रिक हासिल कर उनसे सिम कार्ड एक्टिवेट कराती थीं। फिलहाल, दोनों महिलाओं को जांच में सहयोग के लिए नोटिस दिया गया है। एसएसपी एसटीएफ नवनीत भुल्लर ने बताया कि देहरादून निवासी एक व्यक्ति पिछले दिनों टेलीग्राम ग्रुप पर एक कथित ट्रेडिंग ग्रुप से जुड़ा था। इस पर उनसे ट्रेडिंग कराई जाती थी। अच्छा खासा मुनाफा भी ग्रुप पर दर्शाया जाता था। लालच में पीड़ित ने साइबर ठगों के खातों में 23 लाख रुपये जमा कर दिए। उन्हें बाद में पता चला कि उन्होंने तो कभी शेयर खरीदा ही नहीं। ऐसे में उन्हें लाभ कैसे हो सकता है। इस तरह उनकी शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच शुरू हुई तो पता चला कि जिन खातों में रकम जमा कराई गई है वे सब कमीशन के आधार पर खोले गए हैं। इस तरह टीम पड़ताल करते करते नागपुर महाराष्ट्र तक पहुंच गई। यहां पुष्पा बारापत्रे और यदम्मू सुल्तान निवासी नागपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पता चला कि यदम्मू सुल्तान का पुत्र राजू सुल्तान फिलीपींस में रहता है। वह साइबर अपराधियों के गिरोह में शामिल है। महिलाओं ने पूछताछ में बताया कि वे लोगों को फोन कर उनका आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए बायोमेट्रिक हासिल करती थीं। इसके आधार पर खाते खुलवाए जाते थे और बाद में सिम कार्ड खरीदे जाते थे।

## टिहरी में ततैया के झुंड ने पिता-पुत्र पर किया हमला, दोनों की मौत, गाय चराने जा रहे थे जंगल

**जनएक्सप्रेस/नैनबाग(टिहरी)।** पिता-पुत्र गाय चराने जंगल की ओर जा रहे थे। तभी अचानक कई ततैया ने पिता पुत्र पर हमला कर दिया गया। सुंदरलाल अपने पुत्र को बचाने के लिए उसके ऊपर लेट गए, लेकिन इसके बावजूद दोनों पर ततैया का हमला जारी रहा। उत्तराखंड के टिहरी में दर्दनाक हादसा हो गया। जौनपुर ब्लॉक के ग्राम सभा तुनेटा में ततैया के काटने से पिता पुत्र की मौत हो गई ।जिससे पूरे गांव में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार, बीते दिन सुंदरलाल (47) निवासी ग्राम तुनेटा अपने आठ वर्षीय पुत्र अभिषेक के साथ गाय चराने जंगल की ओर जा रहे थे। तभी अचानक कई ततैया ने पिता पुत्र पर हमला कर दिया गया। सुंदरलाल अपने पुत्र को बचाने के लिए उसके ऊपर लेट गए, लेकिन इसके बावजूद दोनों पर ततैया का हमला जारी रहा। जिससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना ग्रामीणों को मिली तो वह दोनों को उप जिला चिकित्सालय मसूरी लेकर गए। जहां पर डॉक्टरों ने दोनों का उपचार किया, लेकिन गंभीर रूप से घायल होने के कारण दोनों की मौत हो गई। डॉक्टर के एस चौहान ने बताया कि ततैया द्वारा दोनों को बहुत ही बुरी तरीके से काटा गया था। डॉक्टरों द्वारा प्रयास करने के बाद भी उन्हें नहीं बचाया जा सका । पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ग्राम प्रधान गोविंद सिंह ने बताया कि परिवार में सुंदरलाल ही घर का भरण पोषण करते थे, उन्होंने मांग की कि वन विभाग द्वारा इन्हें उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए।

## श्रीबदरीश पंडा पंचायत ने जताई कड़ी आपत्ति, कहा- धाम की परंपराओं और हक-हकूकों पर न फैलाएं भ्रम

**जनएक्सप्रेस/गोपेश्वर/ज्योतिर्मठ।** श्रीबदरीश पंडा पंचायत की प्रबंधकारिणी बैठक में कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा गया कि धाम की परंपराओं और हक-हकूकों पर भ्रम न फैलाया जाए। श्रीबदरीश पंडा पंचायत की प्रबंधकारिणी ने बदरीनाथ मंदिर व धाम में पूजा-पाठ, परंपरा व हक-हकूकों को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम पर कड़ी आपत्ति जताई है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि दबाव बनाकर बदरीनाथ की परंपराओं व हक-हकूकों में कोई फेरबदल किया गया तो पुरजोर विरोध किया जाएगा। उन्होंने बीकेटीसी की ओर से बनाई गई धार्मिक संवर्ग सेवा नियमावली को सकारात्मक कदम बताया। विगत दिनों से डिमरी समाज के कुछ लोगों द्वारा कुछ पदों पर अधिकार जताए जाने के बाद रविवार को श्रीबदरीश पंडा पंचायत की प्रबंधकारिणी ने बैठक कर कड़ी आपत्ति की। बैठक में कहा गया कि बदरीनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी के लिए पूर्व से निर्धारित हक-हकूक मात्र केरल के नंबूदरी ब्राह्मणों का है, जो रावल व नायब रावल के रूप में नियुक्त होते हैं। अन्य समाज केवल सहयोगी के रूप में अलग-अलग व्यवस्था देखते हैं, जिनके लिए पूर्व से ही नियम और व्यवस्था सुनिश्चित है। वक्ताओं ने कहा कि देवप्रयाग समाज के ब्राह्मण बदरीनाथ धाम पहुंचने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं के पंडा पुरोहित हैं, जबकि डिमरी समाज सिर्फ गढ़वाल व कुमाऊं क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालुओं के तीर्थ पुरोहित हैं। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष प्रवीन ध्यानी, उपाध्यक्ष सुधाकर बाबलकर, रजनीश मोतीवाल, अशोक टोडरिया, राजेश पालीवाल, प्रदीप गौरी भट्ट, अजय बंदोलिया, श्रीकांत बडोला, गौरव पंचभैया, मुकेश प्रयागवाल, टीका प्रसाद रैवानी, प्रदीप शास्त्री आदि मौजूद रहे।

## शासन की सुस्ती...शिक्षक भर्ती में 52 चयनित महिला अभ्यर्थियों को नहीं मिली नियुक्ति

देहरादून । प्रदेश में इन दिनों 2906 पदों पर शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय के मुताबिक इन शिक्षिकाओं को आरक्षण का लाभ दिया जाना है या नहीं इस संबंध में विभाग को कई दिन बाद भी शासन से कोई दिशा-निर्देश नहीं मिला। विद्यालयों में सहायक अध्यापकों के पद पर चयनित 52 शिक्षिकाओं की नियुक्ति जाति प्रमाण पत्र के पेच में लटकी है। शिक्षा निदेशालय ने इनके मामले में शासन से दिशा-निर्देश मांगा है कि इन्हें आरक्षण का लाभ दिया जाना है या नहीं लेकिन एक महीने बाद भी इस संबंध में शासन ने स्थिति स्पष्ट नहीं की। शिक्षक पद पर चयनित ये सभी महिला अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा की हैं।

## नैनीताल-कर्णप्रयाग हाईवे पर अनियंत्रित होकर खाई की तरफ लटकी रोडवेज बस, 16 यात्रियों की सासें अटकीं



जन एक्सप्रेस । चमोली

नैनीताल-गोपेश्वर परिवहन निगम की बस जब नैनीताल से गोपेश्वर जा रही थी, तो खेती इंटर कालेज के समीप अचानक फिसलकर उसका पहिया सड़क से बाहर निकल गया। नैनीताल-कर्णप्रयाग हाईवे पर उत्तराखंड परिहवन निगम की बस हादसे का शिकार हो गई। खेती इंटर कालेज के पास बस अनियंत्रित होकर सड़क से बाहर खाई की ओर लटक गई। बस को अनियंत्रित होता देख अंदर बैटी 16 सवारियों की सांसें अटक गई। हालांकि चालक की सूझ बूझ से बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। बाद में बस को जेसीबी की मदद से सड़क पर निकाला गया। जानकारी के मुताबिक, घटना सोमवार दोपहर की है। नैनीताल-गोपेश्वर परिवहन निगम की बस जब नैनीताल से गोपेश्वर जा रही थी, तो खेती इंटर कालेज के समीप अचानक फिसलकर उसका पहिया सड़क से बाहर निकल गया। चालक ने किसी प्रकार बस को नियंत्रित किया। बस को सड़क से बाहर जाते देख बस में बैठी सवारियों का डर के मारे कलेजा मुंह को आ गया। बस के रुकने पर सभी सवारी किसी तरह नीचे उतरी। बाद में जेसीबी की मशीन की मदद से सड़क पर लाने के बाद बस गोपेश्वर के लिए रवाना हुई। चौकी पुलिस कर्मी आनंद शाह ने बताया कि सभी सवारियां सकुशल हैं। बस को सड़क पर निकालकर गोपेश्वर रवाना किया गया।

# सिस्टम की मार : मोर्चरी में थी लाश...महिला ने पुलिस को दिखाई पति की तस्वीर, फिर भी अज्ञात में कर दी अंत्येष्टि

जन एक्सप्रेस । देहरादून



महिला अपने पति को ढूंढ रही थी। पति की तस्वीर पुलिस को भी दिखाई। लाश उसी दिन आईएसबीटी फ्लाईओवर के नीचे से बरामद की गई थी। लेकिन किसी पुलिसकर्मी ने फोटो से मिलान करने की भी कोशिश नहीं की और तीन दिन बाद लाश का अज्ञात में अंतिम संस्कार कर दिया। घर से काम के लिए निकले एक मजदूर की लाश मोर्चरी में पड़ी थी। उधर, पति की तलाश में महिला भटक रही थी। थाने-चौकियों के चक्कर काट रही थी। आईएसबीटी चौकी को तस्वीर भी दिखाई, लेकिन पुलिस ने मोर्चरी तक जाने की जहमत नहीं उठाई। लाश उसी दिन आईएसबीटी फ्लाईओवर के नीचे से बरामद की गई थी। किसी पुलिसकर्मी ने फोटो से मिलान करने की भी कोशिश नहीं की और तीन दिन बाद लाश का अज्ञात में अंतिम संस्कार कर दिया। उस दिन लाश का फोटो चौकी के बोर्ड पर टंगा था। परिजन वहां पहुंचे तो देखकर पहचान कर ली। पता चला कि अब तो अंतिम संस्कार भी हो गया है। परिजनों ने पुलिस की इस कार्यशैली पर सवाल उठाए तो उन्हें चुप करा दिया गया। अब पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मामला पटेलनगर थाने की आईएसबीटी चौकी का है। चौकी पुलिस को गत नौ सितंबर को 45 वर्षीय व्यक्ति की लाश आईएसबीटी फ्लाईओवर के नीचे से मिली थी। लाश पर चोट के निशान उजागर नहीं थे। पुलिस ने उसका अज्ञात में पंचनामा भर दिया और शव मोर्चरी में रख दिया। उसी दिन प्रेमनगर के श्यामपुर निवासी महिला बबीता अपने बेटे को लेकर पति हरगोविंद की तलाश में पहुंची। उन्होंने चौकी के एक कर्मचारी को हरगोविंद का फोटो दिखाया। कर्मचारियों ने यह फोटो अपने पास रख लिया, लेकिन उस दिन मिली लाश से पहचान करने की कोशिश नहीं की। अगले दिन 10 सितंबर को लाश का पोस्टमार्टम कराया गया। अगले 72 घंटे तक पहचान का इंतजार किया गया और 12 सितंबर को अंतिम संस्कार अज्ञात में ही कर दिया। अब 12 सितंबर को बबीता और उनका बेटा फिर आईएसबीटी चौकी पहुंचे। यहां बोर्ड पर नौ सितंबर को मिली लाश का फोटो लगा हुआ था। बबीता ने उनकी पहचान हरगोविंद के रूप में कर ली। उन्होंने सवाल उठाया कि जब वे नौ सितंबर को आए थे तो उन्हें इसकी जानकारी क्यों नहीं दी गई? इस पर चौकी पर मौजूद कर्मचारी बगलें झांकने लगे। किसी के पास कोई जवाब नहीं था पुलिस यदि नौ सितंबर को ही सचेत होकर फोटो से लाश का मिलान कर लेती तो परिवार को हरगोविंद का अंतिम संस्कार करने का तो मौका मिल ही जाता। बबीता की ओर से हत्या की तहरीर दी गई। सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए तो पता चला कि हरगोविंद को दो लोग पीट रहे हैं। इस आधार पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीओ सदर अनिल कुमार जोशी ने बताया कि मामले में सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए हैं। वहां पर दो लोग हरगोविंद के साथ मारपीट कर रहे थे। इसके बाद उसके हाथ बांधकर टिन शेड में डाला गया था। शुरुआत में पोस्टमार्टम में चोट के निशान नहीं थे। ऐसे में अब सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने ढोल नगाड़ों के साथ किया सपा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत

**सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का पीलीभीत पहुँचने पर जगह जगह हुआ जोरदार स्वागत**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





जनपद पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने जगह जगह जोरदार स्वागत किया। उनके साथ पी.डी.ए सम्मेलन मे भाग लेने पहुँचे विशिष्ठ अतिथि प्रदेश महासचिव अता उर रहमान एंव प्रदेश उपाध्यक्ष सी.एल वर्मा भी मौजूद रहें। इतना ही नहीं उनके आगमन पर पूरनपुर की सीमा से उन्हे रिसीव कर ला रहे जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पीलीभीत की नगर की सीमा पर जे.पी.होटल के पास पहले से अपने काफिले एव समर्थको के साथ उपस्थित पूर्व प्रत्याशी बीसलपुर दिव्या गंगवार ने भव्य स्वागत किया। उसके बाद नगर अध्यक्ष संदीप सक्सेना ने स्वागत किया।

वह गौहनिया चौराहा होते हुए नकटादाना चौराहे होते हुए के.जी.एन कालोनी पहुचने पर जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने अपने कैम्प कार्यालय पर ढोल नगाड़ो और आतिशबाजी के साथ उनका जोरदार स्वागत किया।

यहां पर पहले से उपस्थित पदाधिकारीयों ने प्रदेश अध्यक्ष को गदा एवं बासुरी भेंट किया। स्वागत सभा के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि भाजपा सरकार पूंजी पतियों के हाथ की कठपुतली है। देश की सत्तर फीसदी पूंजी भाजपा के 200 पूंजीपति मित्रों के पास तथा एक सौ तीस करोड़ जनता के पास मात्र 27 फीसदी पूंजी है।

इतनी आर्थिक विषमता कांग्रेस के शासन में भी नहीं थी। उन्होंने कहा कि इस सरकार में किसान, नौजवान, व्यापारी सभी परेशान है कमरतोड़ महंगाई से लोग परेशान हैं। सबका साथ सबका विकास का वादा इसका खोखला ही है। रसोई गैस, डीजल, पेट्रोल सबके दाम हमेशा बढ़ाए जा रहे हैं। पहले तो उज्जवला योजना में गरीबों को गैस बांटा, अब वह 1000 रुपये देकर कैसे भराएं इसका भी प्रबंध सरकार करे या फिर दाम घटाए।अपने लंबे काफिले के साथ चल रहे प्रदेश अध्यक्ष उसके बाद चंदोई के कार्यक्रम स्थल पहुँचकर पी.डी ए सम्मेलन मे सम्मिलित हुए जहा उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद उनका काफिला बीमार चल रहे जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर के यहां पहुंचा जहां उन्होंने उनका हाल जाना। उसके के बाद वह अपने समाज मे एव पासी समाज द्वारा आयोजित चौपालो मे पहुँचे एंव सम्बोधित किया। वहा से उनका काफिला गुरूद्वारा पहुंचा जहा भारी हुजूम के साथ सिख समाज ने उनकी अगुवानी किया और सरोपा भेट किया। इस दौरान पदाधिकारीयो द्वारा आयोजित सभा स्थल पर पहुंच विचार रखे। अंत में पाल समाज की विधि छात्रा पिकी पाल के यहां रमपुरा फकीरे पहुँचकर हाल जाना एंव हौसला दिया। उसके बाद उसके बाद जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने पीलीभीत शाहजहांपुर बॉर्डर पर प्रोटोकॉल के तहत पहुंचा वह प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्याम लाल पाल ने जिले के सफल प्रोग्राम की जिला अध्यक्ष को बधाई दी वह 2027 की तैयारी के लिए अभी से जुट जाने के लिए कहा देर रात पीलीभीत से गोला लखीमपुर को रवाना हो गया।

इस अवसर पर सपा जिलाअध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, सयूस नेता राजकुमार राजू, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कटटर, काशीराम सरोज, इम्तियाज अल्वी, प्रांतीय नेता शोएब खान, नोमान अली वारसी, अमित पाठक, विधानसभा बीसलपुर की पूर्व प्रत्याशी दिव्या पी गंगवार, समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव सतेन्द्र मौर्या, सपा प्रदेश सचिव असलम जावेद अंसारी, सपा जिला उपाध्यक्ष अकबर अहमद अंसारी, सपा मुलायम यूथ बिग्रेड राष्ट्रीय सचिव लखविंदर सिंह पन्नू, हसन खां, सैयद आसिफ अली कादरी, सपा अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला, सपा अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष रियाज़ खां, निरंजन गंगवार, सपा जिला उपाध्यक्ष बीडी प्रजापति शामिल रहें।

## पुष्प वाटिका लीला, गौरी पूजन, वरदान प्राप्ति सीता जी के द्वारा संजीव मनमोहन मंचन हुआ आयोजित

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



आज स्थानीय लक्ष्मी नारायण बगिया मंदिर-बाबू सुनील नारायण एडवोकेट पर पुष्प वाटिका लीला, गौरी पूजन तथा सीता जी द्वारा वरदान प्राप्ति लीला का सजीव मनमोहक मंचन किया गया। प्रभु राम लक्ष्मण गुरु मुनि विश्वामित्र की पूजा अर्चना हेतु पुष्प लेने पुष्प वाटिका पहुंचे। उसी समय जनक नंदिनी सीता भी गौरी पूजन हेतु सखियों सहित वहां पहुंचीं। लक्ष्मण प्रभु राम से बोले हे भ्राता श्री प्रतीत होता है कि यही जनक पुत्री सीता हैं जो गौरी मंदिर में पूजा हेतु यहां आयी हैं। प्रभु ने एक क्षण सीता को देखा। इधर सीता जी की सखियां सीता से बोली हे राजकुमारी ये दोनों राजकुमार राम और लक्ष्मण अयोध्या के महाराज दशरथ के पुत्र हैं जो मुनि विश्वामित्र के साथ आपके स्वयंवर में पधारे हैं। सीता जी भी एक क्षण प्रभु को देख मन ही मन हर्षित हो उठी। मंदिर में पहुंचकर सीता जी ने गौरी माता की पूजा अर्चना की और मन ही मन प्रार्थना की हे जगतजन्नी मां आप सभी के मन की बात जानती हैं आप मेरी भी मनोकामना पूर्ण करें। तभी माता गौरी के हाथों में चढ़ा हुआ पुष्पहार सीता जी के ऊपर आ गिरा जिसे उन्होंने प्रसाद रुप में ग्रहण कर अत्यंत प्रसन्न हो अपनी सखियों सहित राजमहल को लौट चलीं।

आज इस अवसर पर महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, संजीव मिश्रा, अंकुर गुप्ता, अमरीश शर्मा, राकेश सरीन, डा.विश्वनाथ दीक्षित, डा.शैलेंद्र नाथ मिश्रा, विवेक प्रकाश सक्सेना, प्रेम सिंह, केशव सक्सेना, रमाकांत पांडेय, लोकेश आनंद, नरेश शुक्ला, भानु प्रताप सिंह, आयुष सक्सेना, अवनीश शर्मा, अमित जौहरी, आकाश कश्यप आदि सहित अनेकों पदाधिकारी व भक्तगण उपस्थित थे। लीला का संचालन संजय पांडेय तथा सोमनाथ सप्रे ने किया एवं रामायणी निशांत तिवारी तथा अंकुर मिश्रा ने रामचरितमानस चौपाइयों का गायन किया।

## जिलाधिकारी ने प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय बिथरा का किया औचक निरीक्षण

**निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों की जांच**

**अध्यापक/अध्यापिका को शिक्षा में सुधार लाने के दिये निर्देश**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने विकासखण्ड मरौरी क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय बिथरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक/अध्यापिका मौके पर उपस्थित पाए गए।

प्राथमिक विद्यालय में पंजीकृत छात्र/छात्राओं की संख्या 229 एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में पंजीकृत 299 पाए गए। जिसमें से आज मौके पर प्राथमिक 132 एवं उच्च प्राथमिक 142 छात्र/छात्राऐं उपस्थित पाए गए।

इसके साथ ही उन्होंने रसोईघर का निरीक्षण किया।

उन्होंने ने विद्यालय में उपस्थिति रजिस्टर, बच्चों की हाजिरी रजिस्टर, मिड डे मिल रजिस्टर को चेक किये गये। निरीक्षण के दौरान शौचालय व्यवस्था ठीक पाई गई।

उन्होंने मिड डे मिल के सम्बन्ध में बच्चों से जानकारी प्राप्त की, छात्र/छात्राओं ने बताया कि प्रतिदिन भोजन समय से मिलता है। इसके साथ उन्होनें बच्चों से किताब, डेउक्स आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान कक्षा में उपस्थित छात्र/छात्राओं से हिन्दी की किताब पढवाकर सुनी और शिक्षा की गुणवत्ता परखी।

इसके साथ ही प्रधानाचार्यो व अध्यापकों को विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति को बढ़ाने व शिक्षा में और सुधार लाने के निर्देश दिये। विद्यालय में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर, नायब तहसीलदार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ई रिक्शा व बाइक में हुई भिडंत दो हुए गंभीर रुप से घायल

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

बीसलपुर बिलसण्डा मार्ग पर ई रिक्शा व बाइक में टक्कर हो गयी। जिससे दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। एक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव खामघाट निवासी राजीव कुमार पुत्र ब्रजपाल ई रिक्शा चलाता है। रोजाना की भांति वह ई रिक्शा लेकर बीसलपुर की ओर आ रहा था। तभी बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव बाहदियां निवासी पातीराम पुत्र भीमसेन बाइक लेकर बिलसण्डा की ओर जा रहे थे। वह जैसे ही कटना नदी पल से आगे पहुंचे वैसे ही ई रिक्शा से उनकी बाइक टकरा गयी। जिससे बाइक सबार व ई रिक्शा चालक दोनों घायल हो गये। घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। ई रिक्शा चालक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गुलाल गली में पुराना मकान गिरा, मलबे में दबा बच्चा, लोगों ने रेस्क्यू कर निकाला बाहर

**जन एक्सप्रेस/मुरादाबाद।** मुरादाबाद में पुराना तीन मंजिला मकान गिरने से एक बच्चा मलबे में दब गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकाला। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुरादाबाद के कोतवाली क्षेत्र में स्थित गुलाल गली में एक पुराना तीन मंजिला मकान भरभराकर गिर गया। इसके मलबे की चपेट में आने से एक बच्चा दब गया। इससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर जुट गए और तुरंत राहत कार्य शुरू कर दिया। स्थानीय निवासियों ने मिलकर मलबा हटाना शुरू किया। करीब आधे घंटे की मेहनत के बाद बच्चे को मलबे से निकाला गया। उसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। मकान गिरने की आवाज सुनते ही आसपास के लोग इकट्ठा हो गए थे। पिछले साल भी शहर में एक पुराना मकान गिरने से दो लोग घायल हुए थे।

### इंस्पेक्टर रामसेवक ने स्मैक तस्करों से लिए थे सात लाख रुपये, मुकदमे में दो नाम और शामिल

**जन एक्सप्रेस/बरेली।** फरीदपुर थाने में इंस्पेक्टर रामसेवक ने स्मैक तस्करी के आरोप में पकड़े गए आरोपियों को सात लाख रुपये रिश्वत लेकर छोड़ दिया था। इसकी शिकायत पर पुलिस अफसरों ने छापा मारा तो इंस्पेक्टर दीवार फांदकर भाग गया था। उसके कमरे से 9.85 लाख रुपये बरामद हुए थे। बरेली के फरीदपुर थाने में निलंबित इंस्पेक्टर रामसेवक ने स्मैक तस्कर आलम व नियाज अहमद को बिना कार्रवाई छोड़ने के बदले सात लाख रुपये लिए थे। विवेचक सीओ हाईवे नितिन कुमार ने तीसरे आरोपी अशनूर के बयान के आधार पर रामसेवक के खिलाफ दर्ज मुकदमे में दोनों तस्करों के नाम बढ़ा दिए हैं। थाने के कई पुलिसकर्मी भी तस्करों के संपर्क में थे। इनके बारे में जानकारी जुटाने के लिए कॉल डिटेल निकलवाई जा रही है। पूछताछ में अशनूर ने बताया कि वह स्मैक और अफीम की तस्करी करने वाले आलम व नियाज अहमद से इस्तेमाल के लिए स्मैक व अफीम खरीदता था। सीओ हाईवे का कहना है कि अशनूर के बयान से साफ हो गया है कि आलम व नियाज अहमद स्मैक तस्करी करते हैं। दोनों को पुलिस पकड़कर थाने लाई थी और बाद में छोड़ दिया गया था। इसका सीसीटीवी फुटेज भी है। तस्करों ने कार्रवाई से बचने के लिए इंस्पेक्टर को रिश्वत दी थी। अशनूर के बयान के आधार पर आलम व नियाज अहमद के नाम मुकदमे में शामिल किए हैं। कॉल डिटेल मिलने के बाद अन्य आरोपियों के नाम भी मुकदमे में शामिल किए जाएंगे। इंस्पेक्टर रामसेवक ने स्मैक तस्करी के आरोप में नवदिया अशोक निवासी आलम, नियाज अहमद और अशनूर को 21 अगस्त को थाने में बैठा लिया था। बाद में सात लाख रुपये लेकर आलम व नियाज अहमद को रात में छोड़ दिया था। रुपये नहीं देने के कारण अशनूर को हवालात में ही रखा गया। अगले दिन सुबह सूचना मिलने पर एसपी दक्षिणी मानुष पारीक, सीओ फरीदपुर गौरव सिंह ने छापा मारा तो इंस्पेक्टर रामसेवक सरकारी पिस्टल और मैगजीन के साथ थाने की दीवार फांदकर भाग निकला। उसके आवास से पुलिस ने 9.85 लाख रुपये बरामद किए थे।

### दलित की हत्या में दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास

**जन एक्सप्रेस/मुजफ्फरनगर।** रंजिशन की गई अधेड़ की हत्या में कोर्ट ने आरोपी दो सगे भाइयों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों दोषियों पर कोर्ट ने 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। थाना पुरकाजी क्षेत्र के गांव गोधना में आठ वर्ष पूर्व धीर सिंह पुत्र भरतू ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि गांव के सतीश और मंजू पुत्र रविपाल गुर्जर उसके भतीजे 50 वर्षीय समय सिंह उर्फ ढोला पुत्र जिले सिंह को 23 अप्रैल 2016 को घर से बुलाकर बाइक पर बैठाकर ले गए थे। मगर काफी इंतजार के बाद समय सिंह घर नहीं लौटा। परिवार के लोगों को उसकी चिंता हुई। काफी तलाशने के बाद समय सिंह का शव सतीश के नलकूप पर बिटोड़े के पास पड़ा मिला। शरीर पर चोट के काफी निशान थे। मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया, सतीश और मंजू ने पुरानी रंजिश के चलते समय सिंह की हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध हत्या और एससी-एसटी की धाराओं में मुकदमा दर्ज उनका चालान कर दिया था। घटना के मुकदमे की सुनवाई एससी-एसटी कोर्ट के पीठासीन अधिकारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार ने की। कोर्ट ने दोनों पक्ष की बहस सुनने के बाद दोनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।



## भाजपा नेता के फार्म हाउस की दीवार गिरी, ठेकेदार की पत्नी और नौकर की मौत



**फार्म हाउस में कोठरी की सफाई के दौरान दीवार गिरने से यह हादसा होने की बात बताई गई है**

जन एक्सप्रेस । बरेली

बरेली के हाफिजगंज थाना क्षेत्र में भाजपा नेता गिरधारी लाल साहू उर्फ पप्पू गिरधारी के फार्म हाउस में ठेकेदार की पत्नी और नौकर की मौत हो गई। फार्म हाउस में कोठरी की सफाई के दौरान दीवार गिरने से यह हादसा होने की बात बताई गई है। दोनों को जिला अस्पताल में मृत घोषित होने के बाद ठेकेदार ने पत्नी के शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया। थाना नवाबगंज में पेट्रोल पंप के संचालक सरदार सर्वजीत सिंह ने पप्पू गिरधारी के फार्म हाउस को कई बरस पहले ठेके पर लिया था। यहां वह खेती करते हैं। सोमवार को सर्वजीत की पत्नी परमजीत कौर (53) फार्म हाउस पर गई थीं। वहां गांव धमीपुर निवासी अजयपाल सिंह (31) के साथ सफाई कर रही थीं। तभी अचानक दीवार गिर गई। इसमें दोनों लोग दब गए। आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और मलबे में दबेलोगों को निकालकर उन्हें बरेली ले गए। जिला अस्पताल में दोनों को मृत घोषित किया गया तो सर्वजीत सिंह अपनी पत्नी का शव बिना पोस्टमार्टम के ले आए। अजयपाल का शव मोचर्री में रखवा दिया गया। सूचना पर एसडीएम, सीओ, नवाबगंज इंस्पेक्टर पवन सिंह फोर्स के साथ मौके पर आ गए। सर्वजीत सिंह ने अपनी पत्नी का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया।

**ऑस्ट्रेलिया में कार्यरत है बेटी**

सरदार सर्वजीत सिंह के अनुसार कुछ साल पहले उन्होंने पप्पू गिरधारी की 180 बीघा जमीन वाले फार्महाउस को ठेके पर ले लिया था और वहां झाला बनाकर रहते थे। वह पीलीभीत गए हुए थे। इस दौरान ये घटना हो गई। बताया कि उनकी दो बेटी और एक बेटा है। एक बेटी ऑस्ट्रेलिया में जॉब करती है। उसके आने पर ही अंतिम संस्कार करेंगे। बेटे की शादी तय की थी। जिसकी तैयारियां भी चल रही थीं। वहीं अजयपाल मजदूरी कर अपने परिवार को पालता था। उसके पांच बच्चे प्रियांशी, मनीशा, साधना, सौरभ व मनु हैं।

### एक तरफ झुकी थी दीवार

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि फार्म हाउस के एक हिस्से की दीवार एक तरफ झुकी हुई थी। दीवार करीब सात फुट ऊंची बताई जा रही है। दीवार के किनारे बोरिंग का गड्ढा है जहां परमजीत कौर खड़ी थीं। जबकि थोड़ी दूर पर अजयपाल क्यारी खोद रहा था। सब्जी उगाने के लिए क्यारी खोदने की तैयारी थी। दीवार अचानक भरभराकर गिरी तो पहले परमजीत कौर दब गईं फिर मलबे में अजयपाल भी आधा दब गया।

### पप्पू गिरधारी ने जताया दुख

धार्मिक यात्रा पर नासिक पहुंचे भाजपा नेता पप्पू गिरधारी से जब घटनाक्रम को लेकर जानकारी की गई तो उन्होंने हैरत जताई कि फार्म हाउस में इतनी ऊंची कोई दीवार नहीं है, जिससे इस तरह का हादसा हो जाए। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी ने अपने जीवित रहते यह फार्म हाउस ठेके पर सर्वजीत को दिया था और परिवार को ही इसके हिसाब-किताब की जानकारी है।

## लड़कियों का अश्लील वीडियो बनाकर करता था ब्लैकमेल, आरोपी दिलशाद गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बरेली



बरेली में लड़कियों को प्रेमजाल में फंसाकर उनका अश्लील वीडियो बनाने और ब्लैकमेल करने के आरोपी नौशाद जमाली के बड़े भाई दिलशाद को इज्जतनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से मोबाइल फोन और तीन अलग नामों के आधार कार्ड बरामद हुए हैं। कुछ दिन पहले कर्मचारीनगर में लड़कियों से झगड़ा कर रहे दो युवकों को हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारियों ने पकड़ा था। उनके अन्य साथी फरार हो गए थे। तब युवकों ने अपने हिंदू नाम बताए थे। पूछताछ में दोनों के असली नाम नौशाद जमाली और अमान सामने आए। दोनों से कई फर्जी आधार कार्ड भी मिले थे। इज्जतनगर पुलिस ने दोनों को जेल भेजा था। विवेचना के दौरान सामने आया कि नौशाद के साथ उसका बड़ा भाई दिलशाद भी इंस्टाग्राम पर विभिन्न नामों से फर्जी आईडी बनाकर लड़कियों को प्रेमजाल में फंसाकर उनको ब्लैकमेल करता है। पुलिस ने मुकदमे में नाम खोलते हुए दिलशाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### खुद को मेडिकल छात्र बताकर देता था झांसा

दिलशाद खुद को मेडिकल छात्र बताकर लड़कियों को जाल में फंसाता था। दिलशाद इंस्टाग्राम पर खुद को डॉक्टर की तरह पेश करता था। इस वजह से लड़कियां उसके झांसे में आ जाती थीं। दिलशाद उनसे बात कर अश्लील वीडियो बनाने की कोशिश करता था। दिलशाद के भाई नौशाद का केरल कनेक्शन भी सामने आया था। पुलिस को आशंका है कि नौशाद किसी सिंडिकेट से जुड़ा हो सकता है। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि मुकदमे में अभी और आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकती है।

## जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल की निस्तारित शिकायत का किया मौका मुआयना



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने सदर तहसील क्षेत्र के शिकायतकर्ता पूरन लाल नि0ग्रा0 बिथरा की आईजीआरएस की शिकायत पर मौका मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर ने अवगत कराया कि शिकायतकर्ता पूरन लाल द्वारा आवासीय पट्टे की भूमि पर जसरथ, मूलचन्द, रामचन्द्र, कल्लूराम, रामबहादुर आदि द्वारा कब्जा किये जाने सम्बन्ध में शिकायत की गई थी। उक्त के सम्बन्ध में बताया गया कि शिकायतकर्ता के पिता कुन्दन लाल आदि के आवासीय पट्टे सन् 1995 में गाटा संख्या 365 में किये थे, जिस पर वह कब्जा प्राप्त करना चाहता था। उक्त के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी सदर के आदेश के अनुपालन में पैमाइश कर कब्जा दिला दिया गया है। इस दौरान उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देश दिये कि उक्त भूमि से कूड़ा हटवाना सुनिश्चित किया जाये। उक्त भूमि पर अवैध कब्जेदारों को जिलाधिकारी ने हिदायत दी दोबारा कब्जा किया तो सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर, नायब तहसीलदार, लेखपाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## 137 किसानों को वसूली नोटिस मिलने पर समिति गठित

जन एक्सप्रेस । मुजफ्फरनगर

भोपा की बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण किसान सहकारी समिति लि. से संबंधित 137 किसानों को पैसा जमा करने के बाद भी वसूली नोटिस भेजा गया है। इस कार्यवाही से किसानों में रोष है। समिति चेयरमैन कपिल राठी उर्फ बिल्लू का कहना है कि उच्च अधिकारियों ने जांच के लिए समिति का गठन किया है। मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है जांच-पड़ताल कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। भोपा की बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि. में 2400 किसानों का लेन देन है। समिति ने 24 सितंबर को 137 किसानों को 90 लाख रुपये बकाया का भुगतान करने को नोटिस भेजा तो किसानों की नींद उड़ गई। नोटिस मिलते ही भंडूरा, बेलड़ा, मिर्जाटिल्ला आदि गांवों के अनेकों ऐसे किसान भोपा समिति पर पहुंचे, जिन्होंने बकाया धनराशि समय पर जमा कर रसीद भी ले रखी थी। किसानों ने वहां मौजूद अधिकारियों को जमा कराई गई धनराशि की रसीद दिखाते हुए नोटिस दिये जाने पर रोष भी प्रकट किया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से मांग रखी की किसानों व समिति के बीच इस तरह की हरकत करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। बकाया नोटिस मिलने से किसान चिंतित हैं।

आवश्यक कार्रवाई की जाएगी

बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि.भोपा के सचिव अंकित

## भाजपा के सदस्यता अभियान के दौरान मारपीट, ब्लॉक प्रमुख के भांजे की आंख में गहरी चोट

जन एक्सप्रेस । बरेली

बरेली के बिथरी चैनपुर ब्लॉक परिसर में लगाए गए भाजपा के सदस्यता शिविर में ब्लॉक प्रमुख बृजेश कुमारी के पति हरेंद्र पटेल के सामने उनके भांजे सौरभ पटेल और अहलादपुर के प्रधान के भतीजे में जमकर मारपीट हो गई। दो बार हुए विवाद में सौरभ पटेल की आंख में गहरी चोट आई है। रिपोर्ट लिखकर पुलिस ने प्रधान समेत पांच लोगों को हिरासत में ले लिया। सोमवार दोपहर ब्लॉक कार्यालय में ही एक ओर शिविर लगाकर वहां पहुंच रहे लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई जा रही थी। हरेंद्र पटेल वहीं बैठे थे। तभी ब्लॉक प्रमुख के चचेरे भाई पंकज पटेल ने वहां आए प्रधान सियाराम साहू के भतीजे सोनू साहू से भाजपा की सदस्यता लेने के लिए कहा। इसे लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हुई।

### गाली देने के विरोध पर हुई मारपीट

पंकज का आरोप है कि सोनू उन्हें गाली देने लगा। मना करने पर मारपीट करने लगा। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस दोनों को प्रमुख के कार्यालय में ले गई। वहां दोनों पक्षों में बहस होने लगी। आरोप है कि इसी दौरान सोनू के चाचा प्रधान सियाराम, भतीजे अजय पटेल, भांजे सौरभ पटेल, प्यारेलाल व 15 अन्य लोग आ गए और गाली-गलौज करने लगे। ब्लॉक प्रमुख के भांजे सौरभ पटेल ने विरोध किया तो सभी ने उस पर हमला कर दिया और उसे उठाकर पटक दिया। मुंह पर लात-घूंसे मारे। सौरभ की आंख भी हमले में जख्मी हो गई। जब तक पुलिस व अन्य लोगों ने सौरभ को बचाया, तब तक उसे काफी चोट आ चुकी थी। सूचना पर इंस्पेक्टर आदेश कुमार फोर्स के साथ पहुंच गए। उन्होंने प्रधान सियाराम व सोनू साहू समेत पांच लोगों को हिरासत में ले लिया।

**सियाराम बोले- मेरे भतीजे को पीटा**

मारपीट के मामले में अहलादपुर गांव के प्रधान सियाराम साहू ने बताया कि उनका भतीजा सोनू शौचालय संबंधी सूची जमा करने ब्लॉक में गया था। सौरभ पटेल आदि ने उस पर भाजपा की सदस्यता लेने का दबाव बनाया। उसने कहा कि वह सूची जमा करने के बाद सदस्यता ले लेगा। तब इन लोगों ने उसे पीटा। वह उसे बचाने गए तो इन लोगों ने उनसे भी मारपीट की। पुलिस ने उनका मोबाइल फोन छीन लिया। बताया कि वह भी भाजपा से जुड़े हैं, पर उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी जा रही।

## गजरौला नेशनल हाईवे पर भीषण हादसा, दो कार आपस में टकराईं

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



सोमवार को गजरौला पीलीभीत के नेशनल हाईवे थाना गजरौला क्षेत्र के भूड़ा कॉलोनी मोड़ के पास तेज रफ्तार दो कारों की आमने सामने हुई जोरदार टक्कर हो गई।

भीषण भिडंत कार के उड़े परखच्चे उड़ गए हादसे बहुत ही भयानक था ।हाईवे पर लगा लंबा जाम सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस? पहुंची। दोपहर करीब 3:00 दो कारों की भीषण सड़क हादसा हो गया जिसमें तीन लोगों को चोटे आई है,गनीमत रही की सभी लोग बाल बाल बच गए बताया जा रहा है की विमल गुप्ता लखनऊ से पीलीभीत के लिए आ रहा था वही पीलीभीत निवासी दिनेश अग्रवाल अपने ड्राइवर संजीव के साथ पीलीभीत से गजरौला राइस मिल पर जा रहे थे। गजरौला क्षेत्र के पास भूड़ा कॉलोनी के पास पहुंचते ही दोनों कारो की आपस में भिड़ंत हो गई। जिसमें विमल गुप्ता की कार के परखचचे उड़ गए और दिनेश अग्रवाल की गाड़ी में खाई में जा गिरी वही सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम को खुलवाया।

# 437 रन, 18 विकेट, 85 ओवर... भारत में पांच साल बाद टेस्ट में किसी दिन बने इतने रन, रोमांचक हुआ मैच



**जन एक्सप्रेस । कानपुर**

भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने शानदार गेंदबाजी की जिससे भारत ने दूसरी पारी में बांग्लादेश को दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 26 रन पर रोका। बांग्लादेश की टीम फिलहाल 26 रन पीछे चल रही है। भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जा रहा दूसरा टेस्ट मैच रोमांचक स्थिति पर पहुंच गया है। इस मैच में पहले दिन से ही बारिश का साया था। शुरुआती दिन मुकाबला बारिश के कारण देर से शुरू हुआ और जल्द समाप्त करना पड़ा था, जबकि दूसरे और तीसरे दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी। माना जा रहा था कि यह मैच ड्रॉ की ओर बढ़ रहा है, लेकिन चौथे दिन मैच में वो सबकुछ देखने मिला जो एक क्रिकेट प्रशंसक किसी मुकाबले में देखना चाहता है। भारत ने सोमवार को बांग्लादेश की पहली पारी 233 रन पर ढेर की और आक्रमण रुख अपनाकर तेजी से रन बनाना शुरू किया। भारत ने अपनी पहली पारी 285/9 के स्कोर पर घोषित की। भारत ने इस तरह बांग्लादेश से 52 रनों की बढ़त हासिल की। भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने शानदार गेंदबाजी की जिससे भारत ने दूसरी पारी में बांग्लादेश को दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 26 रन पर रोका। बांग्लादेश की टीम फिलहाल 26 रन पीछे चल रही है। स्टंप के समय शादमान इस्लाम सात रन और मोमिनुल हक खाता खोले बिना क्रीज पर मौजूद थे। भारत और बांग्लादेश के बीच अब एक दिन का खेल शेष बचा है और भारतीय टीम की नजरें इस मैच का नतीजा निकालने पर टिकी हुई है। दूसरे और तीसरे दिन का खेल बारिश में धुलने के बाद लग रहा था कि यह मैच ड्रॉ की ओर बढ़ रहा है, लेकिन अब यह मुकाबला रोमांचक हो गया है। भारत की कोशिश पांचवें दिन बांग्लादेश की दूसरी पारी जल्द से जल्द समेटने की होगी, जबकि मेहमान टीम हर हाल में भारत को क्लीन स्वीप से रोकने की कोशिश करेगी। भारत में टेस्ट में एक दिन में बना दूसरा सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन कुल 437 रन बने, जबकि इस दिन 18 विकेट भी गिरे। चौथे दिन दोनों टीमों ने मिलकर कुल 85 ओवर खेले। भारत में यह टेस्ट मैच में किसी दिन बना दूसरा सर्वाधिक स्कोर है। इससे पहले 2009 में श्रीलंका और भारत के बीच खेले गए टेस्ट मैच के दूसरे दिन 470 रन बने थे। पांच साल में यह पहली बार हुआ है जब भारत में खेले गए किसी टेस्ट मैच के एक दिन 400 से अधिक रन बने हैं। इस मुकाबले से पहले 2019 में भारत और बांग्लादेश के बीच खेले गए टेस्ट मैच के दूसरे दिन कुल 407 रन बने थे। पहली पारी घोषित करने के बाद भारत स्टंप तक बांग्लादेश के दो विकेट गिराने में सफल रहा। यह दोनों विकेट ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने झटके। अश्विन ने पहले जाकिर हसन को एलबीडब्ल्यू आउट किया। जाकिर ने अपंयार के फैसले के खिलाफ डीआरएस का इस्तेमाल किया, लेकिन उनका रिव्यू बेकार गया और उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। जाकिर 10 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अश्विन ने हसन महमूद को आउट कर बांग्लादेश को दूसरा झटका दिया। अश्विन ने बोल्ड कर महमूद की पारी का अंत किया जो चार रन बनाकर आउट हुए। बांग्लादेश को सस्ते में ऑलआउट करने के बाद रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी की और सिर्फ तीन ओवर में ही 50 रन पूरे कर लिए।

# कानपुर टेस्ट में भारत ने रचा इतिहास, 147 साल में पहली बार किया यह कारनामा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर**




कानपुर । बांग्लादेश के खिलाफ जारी इस मुकाबले में भारतीय टीम जबरदस्त फॉर्म में नजर आ रही है। अब टीम के नाम टेस्ट क्रिकेट में एक और उपलब्धि दर्ज हो गई है। भारत ने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज 250 रन (30.4 ओवर) पूरे कर लिए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय टीम का बल्ला जमकर गरज रहा है। कानपुर टेस्ट के चौथे दिन भारतीय बल्लेबाजों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। अब रोहित शर्मा की सेना टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 250 रन पूरे करने वाली पहली टीम बन गई है। इससे पहले भारत ने सबसे तेज 50, 100, 150 और 200 रन बनाए थे। यह कारनामा टीम ने इसी मुकाबले में किया। बांग्लादेश के खिलाफ जारी इस मुकाबले में भारतीय टीम जबरदस्त फॉर्म में नजर आ रही है। अब टीम के नाम टेस्ट क्रिकेट में एक और उपलब्धि दर्ज हो गई है। भारत ने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज 250 रन (30.4 ओवर) पूरे कर लिए हैं। यह टेस्ट मैचों में किसी टीम द्वारा बनाया गया सबसे तेज 250 रन का आंकड़ा है। 2022 में रावलपिंडी टेस्ट में इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ 33.6 ओवर में यह कारनामा किया था। इससे पहले टीम ने सबसे तेज 200 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ा। कंगारुओं ने 2017 में सिडनी टेस्ट के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ 28.1 ओवर में यह कारनामा किया था। वहीं, भारत ने 24.4 ओवर में 200 का आंकड़ा छुआ। इस दौरान क्रीज पर विराट कोहली और केएल राहुल मौजूद रहे। इससे पहले टीम इंडिया ने सबसे तेज 150 रनों के अपने रिकॉर्ड में भी सुधार किया। भारत ने इससे पहले 2023 में पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ 21.1 ओवर में 150 रन बनाए थे। इससे पहले टीम इंडिया ने सबसे तेज 150 रनों के अपने रिकॉर्ड में भी सुधार किया। भारत ने इससे पहले 2023 में पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ 21.1 ओवर में 150 रन बनाए थे। बांग्लादेश के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में भारतीय बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही दमदार प्रदर्शन किया। रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने महज तीन ओवर में 50 रन पूरे किए।



# ज़रीन खान से फैन ने पूछा कि वह सिल्वर स्क्रीन पर कब वापसी करेंगी, अभिनेत्री ने जवाब दिया

ज़रीन खान पिछले कुछ समय से बड़े पर्दे से दूर हैं, जिसकी वजह से उनके फैंस सिल्वर स्क्रीन पर उनकी वापसी का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। हाल ही में, एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर ऋ (आस्क मी एनीथिंग) सेशन किया, जिसमें एक यूजर ने सवाल किया, ÷यु शुड डू मोर मूवी, वी आर वेटिंग.÷ जवाब में ज़रीन ने लिखा, ÷वेल, थोड़ा लंबा ब्रेक हो गया। होपफूली, नेक्स्ट ईयर यु ऑल विल डेफिनिटेली सी मी इन द मूवीज. नेक्स्ट ईयर आप मुझे स्क्रीन पर ज़रूर देख सकेंगे.÷ बस इतना ही नहीं, एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि वह किस तरह की फ़िल्मों का हिस्सा बनना चाहती हैं।

जब एक यूजर ने उनसे पूछा कि वह किस तरह की फ़िल्मों का हिस्सा बनना चाहती हैं, तो ज़रीन ने बताया, ÷आई थिंक आई वुड लाइक टू डू एन आउट एंड आउट कॉमेडी और एन एक्शन फिल्म.÷ इससे यह संकेत मिलता है कि दर्शक ज़रीन को कॉमेडी फ़िल्म या एक्शन फ़िल्म में एक नया किरदार निभाते हुए देखेंगे, जो थिएटर में एक मनोरंजक अनुभव का वादा करता है। जैसे ही ज़रीन ने सिल्वर स्क्रीन पर अपनी वापसी के बारे में बताया, फैंस में संभावित फ़िल्म घोषणा को लेकर उत्साह बढ़ गया। अभिनेत्री को आखिरी बार %ईद हो जाएगी% गाने में देखा गया था और वह %वीर%, %हाउसफुल 2% जैसी फ़िल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए लोकप्रिय हैं।

## 69 की उम्र में 20 मिनट तक लगातार एक्ट्रेस रेखा ने किया डांस, सितारों से सजी आइफा की शाम, देखें विजेताओं की लिस्ट

रॉक्स 2024 में संगीत और सितारों से सजी एक अविस्मरणीय शाम देखने को मिली। यह रात इसलिए भी खास रही क्योंकि इसमें इंडस्ट्री की कुछ सबसे बड़ी प्रतिभाओं का जश्न मनाया गया। इस मौके पर सबसे आगे रहे पंजाबी सेंसेशन करण औजला, जो अपने चार्ट-टॉपिंग हिट्स के लिए जाने जाते हैं, जिन्होंने इंटरनेशनल ट्रेंडसेटर ऑफ द ईयर अवार्ड जीता। कई विजेताओं में से, संदीप रेड्डी वांगा ने फिल्म एनिमल के लिए एडिटिंग के लिए ढ्ढढ्ढस्न्र रॉक्स 2024 अवार्ड जीता। दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखने के तरीके के लिए वांगा का काम सबसे अलग रहा, जिसने एनिमल को इस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक बना दिया। बोस्को-सीजर ने फिल्म पठान में कोरियोग्राफी के लिए पुरस्कार जीता।

# अगर 10 करोड़ लोग गुस्सा हैं तो..., शाकिब अल हसन की सुरक्षा को लेकर सरकार का बयान, दी चेतावनी



**जन एक्सप्रेस । ढाका**

बांग्लादेश के दिग्गज ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को घर में अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलने के लिए सुरक्षा मांगने से पहले अपना राजनीतिक रुख साफ करने के लिए कहा गया है। शाकिब ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले संन्यास की घोषणा की थी और कहा था कि वह ढाका में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना आखिरी मैच खेलना चाहते हैं। हालांकि, हत्या के एक मामले की एफआईआर में उनका नाम था। उन्होंने कहा था कि वह सरकार द्वारा उनकी सुरक्षा का आश्वासन दिए बिना बांग्लादेश की यात्रा नहीं कर सकते। बांग्लादेश के युवा और खेल सलाहकार आसिफ महमूद ने शाकिब के आग्रह पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि उन्हें किसी अन्य क्रिकेटर जैसी सुरक्षा मिलेगी। हालांकि, उन्होंने कहा कि पूर्व राजनेता के रूप में शाकिब की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। महमूद ने कानून मंत्रालय में एक ब्रीफिंग के दौरान संवाददाताओं से कहा, %बीसीबी ने इस मुद्दे पर ध्यान दिया और राज्य अपने प्रत्येक नागरिक को सुरक्षा देने के लिए बाध्य है। हम निश्चित रूप से ऐसा करेंगे। ऐसे में आपको याद रखना होगा कि शाकिब अल हसन की दो पहचान हैं- क्रिकेटर और राजनेता। उन्होंने अवामी लीग के पैनल से आम चुनावों में हिस्सा लिया था। उनकी दोनों पहचान को लेकर लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया है। अब हम शाकिब को उतनी ही सुरक्षा देंगे जितनी एक खिलाड़ी को मिलती है। यह हमारी जिम्मेदारी है और अगर वह देश में आते हैं तो हम उन्हें सुरक्षा देंगे। महमूद ने कहा, %लेकिन अगर आम लोगों में उनकी राजनीतिक पहचान के कारण उनके प्रति नाराजगी है, उदाहरण के लिए, मेरी सुरक्षा के लिए मेरे पास पांच पुलिस कांस्टेबल और एक गनमैन है और अगर 16 करोड़ में से 10 करोड़ लोग गुस्से में हैं तो क्या वे, पांच या छह लोग, मेरी रक्षा कर सकते हैं? इसलिए, अगर लोग मुझसे नाराज हैं, तो मुझे अपने शब्दों से इसे कम करना होगा। मुझे लगता है कि उन्हें अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और अपने राजनीतिक दृष्टिकोण के बारे में बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा, %मशरफे मुर्तजा पहले ही अपनी स्थिति के बारे में बात कर चुके हैं। इसलिए, यदि शाकिब लोगों से बचने के लिए सुरक्षा मांग रहे हैं, तो कोई भी किसी को सुरक्षा नहीं दे सकता है। यहां तक कि शेख हसीना को भी वह सुरक्षा नहीं दी जा सकी और उन्हें भागना पड़ा। इसलिए शाकिब को अपना राजनीतिक रुख स्पष्ट करना होगा।%

## खिलाड़ियों को रिटेन करने के लिए फ्रेंचाइजी को मिलेगा इतना वक्त, सामने आई डेडलाइन

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2025 सीजन से पहले होने वाली बड़ी नीलामी को देखते हुए रिटेंशन नियम पर फैसला हो गया था। अब जानकारी सामने आ रही है कि आईपीएल टीमों के पास नीलामी से पहले खिलाड़ियों को रिटेन करने के लिए डेडलाइन तय कर दी गई है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, टीमों के पास खिलाड़ियों को रिटेन करने के लिए 31 अक्तूबर तक का समय है। नीलामी से पहले शीर्ष परिषद की बैठक शनिवार को बेंगलुरु में हुई थी। इस बैठक में रिटेंशन सहित कई अन्य मुद्दों पर निर्णय लिया गया था। शीर्ष परिषद ने आईपीएल फ्रेंचाइजी को पिछली टीमों में से अधिकतम छह खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी है। इसमें नीलामी में एक राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड भी शामिल होगा। कोई भी फ्रेंचाइजी छह में से भारतीय और विदेशी मिलाकर अधिकतम पांच कैप्ड खिलाड़ी और अधिकतम दो अनकैप्ड खिलाड़ी रिटेन कर सकेगी। यानी अगर किसी टीम ने पांच कैप्ड खिलाड़ी लिया है तो उसे छठा खिलाड़ी अनकैप्ड रिटेन करना होगा। शीर्ष परिषद की बैठक में यह भी फैसला किया गया था कि यदि कोई भारतीय खिलाड़ी पिछले पांच कैलेंडर वर्षों में राष्ट्रीय टीम के लिए नहीं खेला है तो उसे अनकैप्ड खिलाड़ी माना जाएगा। आईपीएल के अनुसार, अगर कोई कैप्ड भारतीय खिलाड़ी संबंधित सीजन के आयोजन से पहले के पिछले पांच कैलेंडर वर्षों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट (टेस्ट मैच, वनडे, टी20 अंतरराष्ट्रीय) में शुरुआती एकदाश में नहीं खेला है या उसके पास बीसीसीआई के साथ केंद्रीय अनुबंध नहीं है, तो वह अनकैप्ड हो जाएगा। यह नियम सिर्फ भारतीय खिलाड़ियों के लिए लागू होगा। रिटेंशन में अगर कोई खिलाड़ी 31 अक्तूबर से पहले अंतरराष्ट्रीय डेब्यू कर लेता है तो उसको कैप्ड माना जाएगा, लेकिन अगर कोई रिटेन हुआ अनकैप्ड खिलाड़ी नीलामी से एक दिन पहले भी अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करता है तो उसको अनकैप्ड ही माना जाएगा।

# कोहली ने सबसे तेजी से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पूरे किए 27000 रन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर**

भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन एक खास उपलब्धि अपने नाम कर ली है। लगातार नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहे पूर्व भारतीय कप्तान कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27000 रन पूरे कर लिए हैं। कोहली इसके साथ ही सबसे तेजी से यह उपलब्धि अपने नाम करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं और उन्होंने इस मामले में हमवतन दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है।



### दिग्गज बल्लेबाजों को कोहली ने पछाड़ा

कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी के दौरान यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने 594 पारियों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27000 रन पूरे कर लिए हैं। दूसरी ओर, सचिन ने 623 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। तीसरे स्थान पर श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा हैं जिन्हें इस मुकाम तक पहुंचने में 648 पारियां लग गई थी। कोहली की शानदार पारी का अंत शाकिब अल हसन ने किया और वह अर्धशतक लगाने से चूक गए। कोहली ने 35 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 47 रन बनाए। बारिश के कारण दो दिन का खेल धुलने के बाद सोमवार को आखिरकार मैच दोबारा शुरू हुआ। भारत ने बांग्लादेश की पहली पारी 233 रन पर समेट दी। जवाब में भारत ने तेज शुरुआत की और 18 गेंदों पर 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया था। हालांकि, रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल के आउट होने के बाद भारत की पारी लड़खड़ाई, लेकिन कोहली ने केएल राहुल के साथ मिलकर भारतीय पारी को संभाला और बढ़त हासिल करने में कामयाब रहे। कोहली 27000 रन पूरे करने से 35 रन दूर थे, लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ उनका बल्ला चला और वह अपने नाम एक और उपलब्धि दर्ज करने में सफल रहे।

### पहले टेस्ट में नहीं चला कोहली का बल्ला

बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में कोहली का बल्ला नहीं चला था। वह दोनों पारियों में प्रभावित नहीं कर सके थे। कोहली ने पहली पारी में जहां छह रन बनाए थे, वहीं दूसरी पारी में वह 17 रन बनाकर पवेलियन लौटे। कोहली को ऑफ स्पिनर मेहदी हसन मिराज ने अपना शिकार बनाया था। हालांकि, पहले मैच की तुलना में कोहली ने कानपुर में पहली पारी में अच्छी बल्लेबाजी की और केएल राहुल का अच्छा साथ निभाया।

### घर में कोहली ने पूरे किए थे 12 हजार रन

इससे पहले, चेन्नई में खेले गए मुकाबले में 35 वर्षीय बल्लेबाज कोहली ने घर में 12000 रन पूरे किए थे। कोहली यह उपलब्धि हासिल करने वाले सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए थे। कोहली ने 219वें मैच में यह रिकॉर्ड बनाया था। कोहली ने घर में 58.84 के औसत से 12000 रन पूरे किए हैं जिसमें 38 शतक और 59 अर्धशतक शामिल हैं। भारतीय परिस्थितियों में सचिन तेंदुलकर ने 258 मैचों में 50.32 के औसत से 14192 रन बनाए हैं जिसमें 42 शतक और 70 अर्धशतक शामिल हैं।

# अंपायर के फैसले पर आगबबूला हुए रोहित शर्मा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर**

बांग्लादेश के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट मुकाबले में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को अंपायर के फैसले पर नाराजगी व्यक्त करते देखा गया। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बता दें कि, कानपुर टेस्ट के चौथे दिन हिटमैन और यशस्वी जायसवाल ने पहली पारी में तेजी से शुरुआत की थी। रोहित अच्छी फॉर्म में दिख रहे थे, तभी अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया।

### अंपायर के फैसले पर फूटा रोहित का गुस्सा

बांग्लादेश के कप्तान ने चौथा ओवर स्पिनर मेहदी हसन मिराज को थमाया। रोहित ने उनका स्वागत चौके के साथ किया। हिटमैन अच्छी फॉर्म में दिख रहे थे, तभी ऑफ स्टंप की तरफ जाती गेंद उनके पैड पर लगी। इस पर बांग्लादेशी गेंदबाज ने अपील की और मैदानी अंपायर रिचर्ड केटलब्रो ने उन्हें आउट दे दिया। भारतीय सलामी बल्लेबाज ने इस पर रिव्यू ले लिया और अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा। बॉल ट्रैकिंग सिस्टम में गेंद लेग स्टंप को मिस करती दिखी।



### रोमांचक मोड़ पर पहुंचा मैच

भारत ने सोमवार को बांग्लादेश की पहली पारी 233 रन पर ढेर की और आक्रमण रुख अपनाकर तेजी से रन बनाना शुरू किया। भारत ने अपनी पहली पारी 285/9 के स्कोर पर घोषित की। भारत ने इस तरह बांग्लादेश से 52 रनों की बढ़त हासिल की। भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने शानदार गेंदबाजी की जिससे भारत ने दूसरी पारी में बांग्लादेश को दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 26 रन पर रोका। बांग्लादेश की टीम फिलहाल 26 रन पीछे चल रही है। स्टंप के समय शादमान इस्लाम सात रन और मोमिनुल हक खाता खोले बिना क्रीज पर मौजूद थे। भारत और बांग्लादेश के बीच अब एक दिन का खेल शेष बचा है और भारतीय टीम की नजरें इस मैच का नतीजा निकालने पर टिकी हुई है। दूसरे और तीसरे दिन का खेल बारिश में धुलने के बाद लग रहा था कि यह मैच ड्रॉ की ओर बढ़ रहा है, लेकिन अब यह मुकाबला रोमांचक हो गया है। भारत की कोशिश पांचवें दिन बांग्लादेश की दूसरी पारी जल्द से जल्द समेटने की होगी, जबकि मेहमान टीम हर हाल में भारत को क्लीन स्वीप से रोकने की कोशिश करेगी।

### अगली गेंद पर बोल्ड हुए कप्तान

रिप्ले के बाद रोहित शर्मा गुस्से से लाल हो गए। उन्होंने हवा में अपना बल्ला झटका। उन्हें देखकर लगा कि वह समय की बर्बादी से बिल्कुल भी खुश नहीं हैं। हैरानी की बात यह है कि अगली ही गेंद पर मेहदी ने उन्हें बोल्ड कर दिया। इस मैच में दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 11 गेंदों में एक चौके और तीन छक्कों की मदद से 23 रन बनाए।

# पीएम मोदी ने इस्राइली पीएम नेतन्याहू से बात की कहा, भारत शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू से बातचीत की है। इसके बारे में सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी देते हुए पीएम मोदी ने कहा- भारत शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं। पीएम मोदी ने अपने ट्वीट में लिखा- पश्चिम एशिया में हाल ही में हुए घटनाक्रमों के बारे में प्रधानमंत्री नेतन्याहू से बात की। पीएम मोदी ने आगे लिखा- आतंकवाद का हमारे विश्व में कोई स्थान नहीं है। क्षेत्रीय तनाव को रोकना और सभी बंधकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। भारत शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी ने किसी विशेष घटना का उल्लेख नहीं किया, लेकिन पिछले हफ्ते लेबनान में इस्राइली हमलों में हिजबुल्ला के सात उच्च पदस्थ कमांडर और अधिकारी मारे गए, जिनमें समूह का नेता हसन नसरल्ला भी शामिल था। 7 अक्टूबर को गाजा से इस्राइल में हमास के हमले के बाद वहां युद्ध छिड़ने के बाद हिजबुल्ला उत्तरी इस्राइल में रॉकेट और मिसाइलें दाग रहा था।

### एक साथ कई मोर्चे पर लड़ रहा इस्राइल

बता दें कि पश्चिम एशिया के कई देश आमने-सामने हैं। इसकी शुरुआत पिछले साल अक्तूबर में इस्राइल-हमास युद्ध के साथ हुइ। पहले हमास और अब हिजबुल्ला प्रमुख की मौत के बाद पश्चिम एशिया के देशों के बीच तनाव और बढ़ने की आशंका है। एक तरफ जहां ईरान समेत कई देश इस्राइल की तरफ से लेबनान में की गई कार्रवाई से खफा है। वहीं कुछ देश इसका समर्थन भी कर रहे हैं।

### संयुक्त राष्ट्र महासभा में तमाम वैश्विक नेताओं ने जताई चिंता

उधर अमेरिका ने भी मित्र देशों के सेनाओं के साथ मिलकर सीरिया और यमन में सशस्त्र समूहों के अड्डों को निशाना बनाया है। यह संघर्ष ऐसे समय हो रहा है जब विश्वभर के नेता न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। उन्हें यह आशंका है कि यह संघर्ष और अधिक बढ़ सकता है और इसमें कई देश भी शामिल हो सकते हैं।

# इंस्पेक्टर रीता सिंह की इनसाइड स्टोरी जब बूढ़ी औरत उनसे मिलने आई तो क्या हुआ?



सौरभ द्विवेदी की कलम से
लेखक/पत्रकार

जन एक्सप्रेस। विशेष




**रीता** सिंह इस वक्त जनपद चित्रकूट के थाना पहाड़ी की प्रभारी हैं। इक्कीसवीं सदी मे हम नब्बे के दशक की बात कर रहे हैं , यह किस्सा उन दिनों का है जब एक युवती ने पुलिस की नौकरी ज्वाइन की थी ! पुलिस का सीधा मतलब पहले पुरूषों से लिया जाता था किन्तु एक दौर शुरू हुआ महिला पुलिस का कि आखिर महिलाओं की बात ठीक से कौन सुनेगा ? जिसका परिणाम इधर पहाड़ी थाना मे देखा गया है कि जब से महिला थानाध्यक्ष ने कार्यभार संभाला तो महिलाएं अपना दुख - दर्द और सुख सुनाने आती हैं, जिनकी संख्या खूब बढ़ी है। अमूमन ऐसा होता है कि महिला दरोगा होने से महिलाओं को अपनी बात कहने मे सरलता होती है, वे सहज होती हैं। तो ये बात उन दिनों की है जब उन्होंने नौकरी ज्वाइन की थी और टू व्हीलर पर बाजार मे निकलती थीं , वैसे तो किसी नारी की सुंदरता का सार्वजनिक वर्णन उनकी इजाजत लेकर ही किया जा सकता लेकिन यह चर्चा उन दिनों की है जब वे संबंधित थाना क्षेत्र मे अपनी सूरत और सीरत दोनों को लेकर चर्चा मे थीं। विश्वसनीय जानकारी के मुताबिक लोगों की जुबान पर चर्चा थी कि वो जो लेडीज दरोगा आई हैं वे बहुत अच्छी हैं और गाड़ी चलाती हैं। इस प्रकार की चर्चा सुनकर गांव - देहात की बहुत सी महिलाएं उनको देखने आती थीं और जब वे बस्ती आदि मे पहुंचती तो महिलाओं की नजरों का आकर्षण होती थीं। अर्थात साफ है कि महिलायें खुद की उन्नति चाहती हैं वे अपना अस्तित्व अपना कद बनाकर रखना चाहती हैं, उनको ऐसी जिंदगी अपनी सी लगती है बेशक अब तक बहुत सी महिलाएं खुद की एक जिंदगी नही जी सकी होंगी! इंस्पेक्टर रीता सिंह की चर्चा सुनकर एक बूढ़ी माँ थाना परिसर तक चलकर आई थीं और किसी सिपाही से पूछा कि वो जो दरोगा बिटिया आई है वो कहाँ है उससे मिलना है ? इतने मे एक दारोगा जी ने आवाज दी कि देखिए आप से बूढ़ी माँ मिलने आई हैं तो वह बाहर निकलीं। जब वे मिलने पहुंची तो उन बूढ़ी माँ ने उनके सर पर हाथ सहलाकर खूब आत्मीय स्नेह देने लगीं और कहने लगीं कि बेटा मेरे घर मे खाना खाने आ जाना। एक माँ का दुलार पाने के बाद शाम के वक्त इंस्पेक्टर रीता सिंह उन माँ के घर भोजन पर पहुंच गईं और तब के समय का दाल - भात और रोटी खाई थी। एक फेमस लेडी इंस्पेक्टर की नौकरी कार्यकाल का यह बहुत रोचक किस्सा होने के साथ उनके व्यक्तित्व की झलक दर्पण की तरह दिखाने का किस्सा है , जो आज भी उनके व्यक्तित्व की परछाईं के साथ जल मे सूर्य जैसे झलकता है। वर्तमान मे रीता सिंह जनपद चित्रकूट का पहाड़ी थाना क्षेत्र संभाल रही हैं जहाँ उन्होंने सार्वजनिक जगह पर शराब पीने और शराबियों की हरकतों पर शिकंजा कसा है तो तमाम पारिवारिक मामलों मे सकारात्मक हस्तक्षेप से आम जनता को राहत दी , वे कहती हैं पुलिस को कोई पसंद करे ना करे लेकिन पुलिस जरूरत सबकी है और मैं कोशिश करती हूं कि हरहाल मे सामान्य जनता के साथ न्याय हो सके।

# दिल्ली में कुछ जगहों पर अगले छह दिन बीएनएसएस की धारा 163 रहेगी लागू



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

इन दिनों दिल्ली में कई ज्वलंत मुद्दे हैं। कुछ मुद्दों पर धार्मिक सौहार्द खराब हो सकता है। हरियाणा आदि जगहों पर विधानसभा चुनाव है। त्योहारों को मौसम है। इसे देखते हुए दिल्ली पुलिस आयुक्त ने नई दिल्ली, उत्तर और मध्य जिलों के अलावा दिल्ली की राज्य सीमाओं पर क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्रों में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) की धारा 163 (पहले आईपीसी की धारा 144) लगा दी है। इसके तहत पांच या उससे अधिक लोग एकसाथ एकत्रित नहीं हो सकते। ये प्रतिबंध 30 सितंबर से लेकर पांच अक्तूबर तक लगाया गया है। अगर किसी ने इसका उल्लंघन किया तो उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा की ओर से सोमवार को जारी एक आदेश में कहा गया है कि ऐसी सूचना मिल रही हैं कि कई संगठनों ने अक्तूबर 2024 के पहले सप्ताह में दिल्ली क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन/अभियानों आदि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति और आयोजित करने का आह्वान किया है। दिल्ली में आम माहौल कानून और व्यवस्था की दृष्टि से संवेदनशील है, क्योंकि वर्तमान में विभिन्न मुद्दे हैं। ऐसे में धरना-प्रदर्शन आदि की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### ये प्रतिबंध रहेंगे

- पांच या अधिक व्यक्ति एक साथ एकत्रित नहीं हो सकते।
- हथियार बैनर, तख्तियां, लाठी, भाले, तलवार, डंडे, ईंट-पत्थर आदि लाने-ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा।
- किसी सार्वजनिक क्षेत्र में जेब काटना या धरना देने पर पाबंदी रहेगी।

### आदेश में प्रतिबंध के ये मुद्‌दे बनाए गए हैं-

- प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक।
- सदर बाजार क्षेत्र में शाही ईदगाह का मुद्दा।
- एमसीडी स्थायी समिति के चुनावों का राजनीतिक मुद्दा।
- डूसू चुनावों के परिणामों की घोषणा लंबित होना
- महात्मा गांधी की 2 अक्टूबर को जयंती है। ऐसे में नई दिल्ली और मध्य जिले के क्षेत्रों में वीवीआईपी और गणमान्य व्यक्तियों की भारी आवाजाही होगी।
- जम्मू, कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव चल रहे हैं । इस कारण दिल्ली की सीमाओं पर नजर रखनी होगी।
- चुनावों के मद्देनजर, राज्यों से आए प्रवासियों द्वारा बसाए गए क्षेत्रों से कुछ शरारती तत्व माहौल खराब कर सकते हैं।
- दशहरा और दीपावली के साथ त्यौहारों का मौसम भी नजदीक है।

## विमान क्रैश में मारे गए आईएएफ कर्मियों के 56 साल बाद मिले अवशेष, सेना ने बरामद किए 4 शव

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय सेना को खोज और बचाव अभियान में एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। सेना की एक टीम ने 1968 में रोहतांग दर्रे पर दुर्घटनाग्रस्त हुए भारतीय वायु सेना (आईएएफ) एएन-12 विमान के कर्मियों के अवशेषों को बरामद कर लिया है। सेना को ये शव 56 साल पर मिले हैं। इसे एक असाधारण घटनाक्रम माना जा रहा है। भारतीय सेना ने कहा कि, संयुक्त टीम ने क्रैश साइट से चार और व्यक्तियों के अवशेष बरामद किए हैं। जो भारत के सबसे लंबे समय से चल रहे खोज और पुनर्प्राप्ति अभियानों में से एक है। तिरंगा माउंटेन रेस्क्यू के प्रतिनिधियों के सहयोग से भारतीय सेना के डोगरा स्काउट्स के नेतृत्व में यह मिशन बड़े चंद्र भागा माउंटेन पर चलाया जा रहा था।

## एजेंडा तय कर रहे राहुल गांधी, विपक्ष के नेता के रूप में निभा रहे अहम जिम्मेदारी : जयराम रमेश

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि राहुल गांधी का लोकसभा में विपक्ष का नेता (एलओपी) बनना विपक्षी गठबंधन इंडिया के लिए एक संजीवनी की तरह है। उन्होंने कहा कि एक संसदीय प्रणाली में एलओपी को छाया प्रधानमंत्री (शैडो पीएम) माना जाता है। रमेश ने कहा कि विपक्षी गठबंधन को और मजबूत करना होगा और इसके लिए एक साझा एजेंडा तैयार करना होगा। पीटीआई के साथ एक इंटरव्यू में कांग्रेस नेता कहा, राहुल गांधी ने लोकसभा में एलओपी के रूप में सक्रिया भूमिका निभाई है और जनता के मुद्दों को उठाया है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह राहुल गांधी को भविष्य के प्रधानमंत्री के रूप में देखते हैं, तो रमेश ने कहा, अभी वह विपक्ष के नेता हैं। हम एक संगठित गठबंधन के रूप में काम कर रहे हैं। हम अभी इतनी दूरी की नहीं सोच रहे हैं। मुझे लगता है कि वह एक एजेंडा तय कर रहे हैं। (राहुल) गांधी एजेंडा तय कर रहे हैं। कांग्रेस एजेंडा तय कर रही है। विपक्षी गठबंधन एजेंडा तय कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हम दस कदम आगे नहीं बढ़ाएंगे, बल्कि एक समय में एक कदम उठाएंगे। कांग्रेस नेताओं के यह कहने पर कि राहुल गांधी में भविष्य में प्रधानमंत्री बनने के गुण हैं, रमेश ने कहा कि एक संसदीय प्रणाली में विपक्ष का नेता शैडो पीएम होता है। यह स्पष्ट है। लेकिन एक विपक्ष के नेता के रूप में उनके पास बहुत बड़ी जिम्मेदारियां हैं। शैडो पीएम की अवधारणा ब्रिटेन से आई है। शैडो का मतलब परछाई होता है। यानी प्रधानमंत्री के कामकाज पर नजर रखने वाली परछाई। ब्रिटेन में विपक्ष के नेता को शैडो पीएम कहा जाता है। ब्रिटेन के अलावा, कनाडा न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में भी शैडो कैबिनेट की प्रणाली है। भारत ने ब्रिटेन की संसदीय व्यवस्था से विपक्ष का नेता का पद लिया है। इसलिए हमारी संसद की किताब में भी शैडो पीएम का जिक्र है। हालांकि इसे कभी अमल में नहीं लाया जा सका। रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जनता ने असली राहुल गांधी को देखा है। उन्होंने कहा, हमें विपक्षी गठबंधन को और मजबूत करना है और एक साझा एजेंडा तैयार करना है। रमेश का यह बयान कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट की उस टिप्पणी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें राहुल गांधी को एक ऐसे नेता के रूप में देखते हैं जो भविष्य में देश का नेतृत्व करेंगे। राहुल गांधी पांच बार सांसद रह चुके हैं और अभी उत्तर प्रदेश के रायबरेली क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

### महाराष्ट्र की वित्तीय बर्बादी के लिए महायुति सरकार जिम्मेदार : कांग्रेस

कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि महायुति सरकार ने महाराष्ट्र को वित्तीय संकट में डाल दिया है। विपक्षी पार्टी ने कहा कि आने वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार राज्य के आर्थिक विकास की कहानी को फिर से बहाल करेगी और मौजूदा सब्सिडी व अन्य प्रतिबद्धताओं को पूरा करेगी। पार्टी के महासचिव और संचार प्रमुख जयराम रमेश ने भाजपा पर निशाना साधने के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की टिप्पणी का हवाला दिया कि महाराष्ट्र सरकार की लड़की बहिन योजना अन्य क्षेत्रों में सब्सिडी के समय पर भुगतान को प्रभावित कर सकती है।

## गांधी जयंती के दिन झारखंड का दौरा करेंगे पीएम, 83300 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अक्तूबर यानी गांधी जयंती के दिन झारखंड के हजारीबाग का दौरा करेंगे। इस दौरान वह दोपहर करीब 2 बजे 83,300 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उनका शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के मुताबिक, इस दौरान प्रधानमंत्री 59,150 करोड़ रुपये से अधिक के धरती आबा जनजातीय ग्रामीण उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ करेंगे।

### पांच करोड़ आदिवासियों को मिलेगा सीधे लाभ

पीएमओ के मुताबिक, यह अभियान 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 549 जिलों और 2,740 ब्लॉक के 63,000 गांवों को कवर करेगा, जिससे करीब पांच करोड़ से अधिक आदिवासियों को सीधे लाभ मिलेगा। इसमें किया जाएगा। यह पहल सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका के क्षेत्र में महत्वपूर्ण खामियों को दूर करने के लिए 25 लक्ष्यों पर आधारित है, जिसे भारत सरकार के 17 मंत्रालयों और विभागों द्वारा चलाया जाएगा।

### एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों का उद्घाटन करेंगे पीएम

प्रधानमंत्री 40 एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों का भी उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा वह 2,800 करोड़ रुपये की लागत से 25 और स्कूलों की आधारशिला रखेंगे। ये स्कूल आदिवासी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आवासीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए बनाए गए हैं। इसके अलावा, पीएम मोदी प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के तहत कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और आधारशिला रखें, जिनकी कुल लागत 1,360 करोड़ रुपये से अधिक है। इन परियोजनाओं में 1,380 किलोमीटर से अधिक की सड़कें, 120 आंगनवाड़ी केंद्र, 250 बहुद्देशीय केंद्र और 10 स्कूल छात्रावास का निर्माण शामिल है।

# सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए कानून का शासन जरूरी, प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों से बोलीं राष्ट्रपति

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि आर्थिक व सामाजिक विकास केवल तभी संभव है, जब कानून का शासन स्थापित हो। यह बात राष्ट्रपति ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के प्रशिक्षुओं के एक समूह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने, न्याय सुनिश्चित करने और नागरिक अधिकारों की रक्षा किए बिना प्रगति एक अर्थहीन शब्द बन जाता है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर राष्ट्रपति ने कहा कि यह एक गंभीर समस्या है, जिसकी एक बीमार मानसिकता के साथ-साथ घृणित सामाजिक पूर्वाग्रहों में गहरी जड़ें हैं। यह सबसे पहले एक अपराध है। इसलिए, इससे लड़ने के लिए कई स्तरों पर कार्रवाई की आवश्यकता होती है। लेकिन पहली प्रतिक्रिया पुलिस बल की ओर से आती है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों को पीड़ित के साथ संवेदनशीलता और सहानुभूति के साथ काम करना चाहिए। उनसे न्याय सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी के प्रति अधिक प्रतिबद्धता की अपेक्षा की जाती है। राष्ट्रपति ने कहा कि कानून और व्यवस्था केवल शासन की नींव नहीं बल्कि, आधुनिक राज्य की आधारशिला भी है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि वे कुशल, संवेदनशील और निर्भीक हों। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि भारत के भविष्य के लिए पुलिस की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि कानून का राज स्थापित करना जरूरी है। मुर्मू ने पुलिस अधिकारियों को तकनीकी ज्ञान रखने और अपराधियों से एक कदम आगे रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि तकनीक में प्रगति से कानून और व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिली है। लेकिन अपराधी भी तकनीक का उपयोग कर रहे हैं।

### महिला आईपीएस अधिकारियों की संख्या में बढ़ोतरी

मुर्मू ने भारतीय पुलिस सेवा में महिला अधिकारियों की संख्या में इजाफा होने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि इस बैच में 188 प्रशिक्षुओं में 54 महिला अधिकारी हैं, जो पिछले साल के मुकाबले एक महत्वपूर्ण वृद्धि है। राष्ट्रपति ने कहा कि महिला अधिकारियों की बढ़ती संख्या पुलिस के चरित्र को बेहतर बना सकती है।

### मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें पुलिस अधिकारी

उन्होंने आईपीएस अधिकारियों को सलाह दी कि वे अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें और योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। राष्ट्रपति ने कहा, आपके कंधों पर बड़ी जिम्मेदारियां हैं। मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी न करें। योग और ध्यान को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। उन्होंने कहा, आईपीएस का %एस% सेवा के लिए है। हमारी प्राथमिकता देश और इसके नागरिकों की सेवा करना है।

## सोने के आभूषणों को गिरवी रखकर ऋण देने में अनियमितता रिजर्व बैंक ने नीति की समीक्षा करने के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली




सोने के एवज में दिए जा रहे कर्ज में जमकर हेराफेरी हो रही है। भारतीय रिजर्व बैंक ने इसका संज्ञान लिया है। आरबीआई ने ऐसे बैंकों और वित्तीय संस्थानों से सीधे कहा है कि इस तरह की गतिविधियों पर कार्रवाई हो। साथ ही, नीतियों और कर्ज के पोर्टफोलियो की समीक्षा भी की जाए। भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने सोमवार को कहा, कई संस्थानों में अनियमितता को हमने देखा है। हमारी हालिया समीक्षा में सोने के आभूषणों को गिरवी रखकर लोन देने के संबंध में कई कमियां सामने आई हैं। इस प्रमुख कमियों में ऋणों की सोर्सिंग और मूल्यांकन के लिए तीसरे पक्ष के उपयोग में कमियां, ग्राहक की उपस्थिति के बिना सोने का मूल्यांकन, अपर्याप्त उचित परिश्रम और सोने के ऋणों की अंतिम-उपयोग निगरानी की कमी, ग्राहक की तरफ चूक किए जाने पर सोने के आभूषणों और गहनों की नीलामी के दौरान पारदर्शिता की कमी, मूल्य के लिए ऋण की निगरानी में कमियां और जोखिम-भार का गलत अनुप्रयोग शामिल हैं। आरबीआई ने कहा कि सोने के ऋण पोर्टफोलियो की बारीकी से निगरानी की जानी चाहिए, विशेष रूप से कुछ संस्थाओं में पोर्टफोलियो में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी के मद्देनजर। आरबीआई ने कहा, यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आउटसोर्स की गई गतिविधियों और तीसरे पक्ष के सेवा प्रदाताओं पर पर्याप्त नियंत्रण हो। वहीं इस मामले में की गई कार्रवाई की जानकारी तीन महीने के भीतर रिजर्व बैंक के वरिष्ठ पर्यवेक्षी प्रबंधक (एसएसएम) को दी जानी चाहिए। विनियामक दिशा-निर्देशों का कोई भी गैर-अनुपालन गंभीरता से लिया जाएगा और अन्य बातों के अलावा, पर्यवेक्षी कार्रवाई भी की जाएगी।

## कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया की बढ़ीं मुश्किलें, प्रवर्तन निदेशालय ने दर्ज किया मुकदमा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लोकायुक्त की प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए सिद्धारमैया के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया है। पिछले हफ्ते बंगलूरू की एक विशेष अदालत ने इस मामले में सिद्धारमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस को जांच के आदेश दिए थे, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सिद्धारमैया ने पिछले हफ्ते कहा था कि उन्हें मुडा मामले में विपक्ष की ओर से निशाना बनाया जा रहा है, क्योंकि वे उनसे डरे हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि यह उनके खिलाफ राजनीतिक मामला है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया था कि वह जांच के आदेश के बाद भी इस्तीफा नहीं देंगे, क्योंकि उन्होंने कोई गलत काम नहीं किया है और वह इस मामले को कानूनी तरीके से लड़ेंगे। कांग्रेस ने ईडी की ओर से सिद्धारमैया पर धनशोधन का मुकदमा दर्ज होने के बाद प्रतिक्रिया दी। पार्टी ने आरोपी लगाया कि यह जांच एजेंसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सियासी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ धमकी और बदला लेने का उपकरण बन गई है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा, यह कोई छिपी हुई बात नहीं है कि ईडी अब प्रधानमंत्री द्वारा उनके राजनीतिक विरोधियो के खिलाफ प्रतिशोध का हथियार बन गई है। कर्नाटक की जनता ने मई 2023 में उन्हें नकार दिया था और वह उस अपमान भूल नहीं पाए हैं। कांग्रेस का मानना है कि प्रधानमंत्री और उनकी ईडी जल्द ही पूरी तरह से बेनकाब होंगे। हमें डरने की कोई जरूरत नहीं है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री को न्याय मिलेगा।

## बंगलूरू में पाकिस्तानी नागरिक परिवार सहित गिरफ्तार, नकली पहचान के साथ छह साल से रह रहा था, केस दर्ज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू



बंगलूरू में एक पाकिस्तानी नागरिक को उसकी पत्नी और दो अन्य के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि ये सभी जाली दस्तावेजों और नकली पहचान के साथ पिछले छह साल से शहर में अवैध रूप से रह रहे थे। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्राथमिक जांच के मुताबिक, व्यक्ति की पत्नी बांग्लादेश की है और दोनों की शादी ढाका में हुई थी। यह जोड़ा 2014 में दिल्ली आया और बाद में 2018 में बंगलूरू के जिगानी इलाके में आया। गिरफ्तार किए गए दो अन्य की पहचान उसके साले-साली के रूप में हुई है। सभी को रविवार को जिगानी में छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया। जिगानी के एक वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ने कहा, पुलिस ने मामले की जांच कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक ही परिवार के चार लोग जाली दस्तावेजों के सहारे अवैध रूप से शहर में रह रहे थे। चारों से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के आधार पर हम आगे की कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि ये लोग पिछले छह वर्षों से जिगानी में एक किराए के घर में रह रहे थे। इन्होंने फर्जी नाम से पहचान पत्र हासिल किए हुए थे। पुलिस व्यक्ति से उसके नेटवर्क और गतिविधियों के बारे में पूछताछ कर रही है। उन्होंने कहा, हमने उनके बारे में जानकारी एकत्र कर ली है और मामले की जांच चल रही है। ये एक गैरेज में सामग्री की आपूर्ति करते थे। इसकी भी जांच करनी होगी। राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इनकी जांच की जा रही है। वे यहां कैसे आए? सभी यहां क्यों आए? सभी सवालों की जांच की जाएगी। अगर वे पिछले दस वर्षों से भारत में थे, तो खुफिया एजेंसियों ने उन्हें क्यों नहीं पकड़ा? उन्होंने एक भारतीय पासपोर्ट को भी हासिल किया, तो आधार कार्ड प्राप्त करना उनके लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने अपने नाम भी बदले और एक रेस्तरां भी चला रहे थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा प्रीतिका प्रिंटिंग प्रेस, 9, प्रगति विहार, देहरादून से मुद्रित तथा 543, बी-1, तपकेश्वर कॉलोनी, गढ़ी कैण्ट, देहरादून पिन-248003, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,
आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UTTHIN/2014/59760, मोबाइल नं. 8933805555, E-mail: janexpress.ddn@gmail.com (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून स्थित न्यायालय होगा।)